अमृत वाणी

बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या

वर्ष: 37 अंक 58

सोमवार 08 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 34°C | न्यूनतम 26°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in


# घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपये महंगा

**तीन महीने में दूसरी बार बढ़ी एलपीजी की कीमत**



**नई दिल्ली, 07 जून।** घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपए महंगा हो गया है। नई दरें आज रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। दिल्ली में अब 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर 913 से बढ़कर 942 का हो गया है।

तीन महीने में दूसरी बार LPG की कीमत बढ़ाई गई है। इससे पहले 7 मार्च को LPG सिलेंडर के दाम 60 बढ़ाए गए थे। इस तरह 3 महीने के अंदर घरेलू सिलेंडर 89 रुपए महंगा हो गया है।

सूत्रों के अनुसार, तेल कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा लागत और घरेलू बिक्री पर नुकसान के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं। इस बीच सरकार का कहना है कि दुनिया भर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है।

भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत पड़ोसी देशों और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसी एडवांस इकोनॉमी के मुकाबले काफी कम है। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत का बोझ सरकार खुद उठा रही है और इसे आम उपभोक्ताओं पर पास-ऑन नहीं होने दिया गया है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ी हुई हैं। इसके बावजूद सरकार घरेलू एलपीजी की कीमतों को नियंत्रित रखती है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) के लाभार्थियों को हर साल रिफिलिंग पर प्रति सिलेंडर 300 रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी सीधे बैंक खाते में मिलती है। यह छूट साल के पहले 4 सिलेंडरों पर लागू होती है, जिससे उन्हें एक सिलेंडर प्रभावी रूप से 642 रुपए का पड़ता है। भारत में 10.58 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला कनेक्शन हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के बाद भारत में एक घरेलू एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई लागत (कॉस्ट टू सप्लाई) 1,600 रुपए से ऊपर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 700 रुपए की अंडर-रिकवरी (नुकसान) हो रही है।

इस अंडर-रिकवरी के अंतर को पब्लिक सेक्टर की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां झेल रही हैं, जिसकी आंशिक भरपाई सरकार द्वारा की जाती है। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक घरेलू एलपीजी पर कुल अंडर-रिकवरी बढ़कर 60,000 करोड़ रुपए पहुंच गई, जो इससे पिछले साल 41,338 करोड़ रुपए थी। केंद्रीय कैबिनेट ने इसके लिए कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपए के मुआवजे को मंजूरी दी है।

भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का 60% हिस्सा आयात करता है। इसकी लैंडेड कॉस्ट सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस (CP) से तय होती है, जिसे सऊदी अरामको हर महीने की शुरुआत में फिक्स करती है।

पश्चिम एशिया में आए व्यवधान और फरवरी के अंत में होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद गैस की कीमतों में भारी उछाल आया है।सप्लाई को सुरक्षित रखने के लिए भारत ने घरेलू एलपीजी उत्पादन को 60% से अधिक बढ़ाते हुए करीब 32 टीएमटी (TMT) से 52 टीएमटी तक पहुंचा दिया। इसके साथ ही होर्मुज रूट के बाहर के देशों जैसे अमेरिका, कनाडा और अल्जीरिया से भी गैस की खरीद शुरू की गई। उपलब्ध गैस की सप्लाई में घरों के साथ अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों जैसे प्रायोरिटी यूजर्स को प्राथमिकता दी गई।

# भारतीय महिला फुटबाल टीम ने रचा इतिहास छठी बार बनीं SAFF Champions




**दिल्ली, 7 जून।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने कमाल कर दिया है। गोवा के मडगांव में खेले गए SAFF महिला चैंपियनशिप 2026 के रोमांचक फाइनल मैच में भारत ने मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हरा दिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारतीय टीम ने रिकॉर्ड छठी बार यह खिताब अपने नाम किया है। लू टाइग्रेस के नाम से मशहूर हमारी महिला टीम पूरे 7 साल बाद इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को वापस देश लेकर आई है।

फाइनल मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। मैच के पहले हाफ में भारत की प्यारी जाक्सा ने एक बेहतरीन गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि, भारतीय टीम की यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी और बांग्लादेश की रितु पोर्ना चकमा ने एक गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हाफ-टाइम तक दोनों टीमें बराबरी पर थीं और मुकाबला बेहद रोमांचक मोड़ पर था।

हाफ-टाइम के बाद जब खेल दोबारा शुरू हुआ, तो भारतीय टीम पूरी तरह हावी नजर आई। दूसरे हाफ में भारत की संफिदा ने एक शानदार गोल करके टीम को एक बार फिर आगे कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद लिंडा कॉम ने भारत की तरफ से तीसरा गोल दागकर बांग्लादेश की वापसी के सारे रास्ते बंद कर दिए और भारत की जीत पक्की कर दी। इस तीसरे गोल के बाद बांग्लादेशी टीम दबाव में आ गई और मैच खत्म होने तक वापसी नहीं कर सकी। भारतीय टीम की इस शानदार और यादगार जीत के बाद सोशल मीडिया पर भी जश्न का माहौल है। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने इस ऐतिहासिक जीत के जश्न का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने टीम को बधाई देते हुए लिखा, भारतीय फुटबॉल के लिए यह बेहद गर्व का पल है! SAFF महिला चैंपियनशिप 2026 की ट्रॉफी जीतने पर हमारी ब्लू टाइग्रेस को बहुत-बहुत बधाई।

# दिल्ली में प्रदर्शन के बाद अपने घर पहुंचे अभिजीत दीपके

**बोले- सरकार ने ट्रेलर देखा कॉकरोच क्या कर सकते हैं, लेकिन बात खत्म नहीं हुई**



**छत्रपति संभाजीनगर, 07 जून।** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को कहा, 'NEET पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर उनका आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते।'

दीपके ने कहा, शनिवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन काफी सफल रहा। 7,000 लोगों ने हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन ने सरकार को एक ट्रेलर दिखाया है। बात अभी खत्म नहीं हुई है। अब यह आंदोलन पूरे देश में किया जाएगा।

CJP फाउंडर रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के वालुज इलाके में अपने घर पहुंचे, जहां उनके परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। अभिजीत ने घर पहुंचने के बाद अपने X अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि वे आज इंस्टाग्राम लाइव पर फॉलोअर्स को संबोधित करेंगे। संबोधन कब होगा, यह नहीं बताया है।

अभिजीत ने लिखा जब तक हम आवाज नहीं उठाएंगे तब तक परिवर्तन नहीं हो सकता। धर्मेंद्र प्रधान ने पूरी पीढ़ी के साथ अन्याय किया है। वे अगर इस्तीफा नहीं देते, तो 13 जून को फिर प्रदर्शन होगा। शनिवार को प्रदर्शन में शामिल ज्यादातर लोगों ने पहले कभी किसी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लिया था, लेकिन हमारी मौजूदगी से उन्हें शिक्षा प्रणाली पर अपना गुस्सा और हताशा व्यक्त करने का साहस मिला।

तेज गर्मी-धूप में खड़े छोटे बच्चे और छात्रों ने साबित किया कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मैं आपमें से हर एक को धन्यवाद देता हूं। सरकार शांतिपूर्ण आंदोलन को छू नहीं सकती। हम कॉकरोचों को कभी भी उनसे डरने की जरूरत नहीं है।

# 18 साल का सार्थक सीबीआई से तेज निकला : राहुल

**बोले-सीबीएसई के ओएसएम पोर्टल की गड़बड़ी उजागर की, ये नौजवानों की जीत**




**नई दिल्ली, 07 जून।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को CBSE स्टूडेंट सार्थक सिद्धांत से मुलाकात का 8.15 मिनट का वीडियो अपने X अकाउंट पर शेयर किया। दोनों की मुलाकात 2 जून को दिल्ली में हुई थी।

18 साल के सार्थक सिद्धांत ने CBSE की 12वीं क्लास के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (OSM) प्रणाली और OSM का काम करने वाली कंपनी COEMPT से जुड़ी टेंडर प्रोसेस में गड़बड़ी का खुलासा किया है। राहुल ने कहा देश का 18 साल का युवा CBI से तेज निकला, नौजवानों की ये जीत सही मायने में सरकार की हार है।

झारखंड के रांची के रहने वाले सार्थक ने भी इस साल 12वीं के एग्जाम दिए थे। नंबर कम आने पर उन्होंने री-इवैल्यूएशन के लिए अपनी स्कैन की गई आंसरशीट मंगाई थीं।

गलत नंबर कटने और दूसरी परेशानियों को सार्थक ने सोशल मीडिया पर शेयर था। सार्थक CBSE में सुधार के लिए संसद की स्थायी समिति के सामने 500 पेज की प्रेजेंटेशन भी दे चुके हैं।

# टीएमसी विधायक मदन मित्रा की कार पर हमला

**कटमनी वापस मांग रहे लोगों ने अंडे फेंके, दावा- विधायक कार में नहीं थे**



**कोलकाता, 07 जून।** कोलकाता के कमरहाटी में शनिवार रात टीएमसी विधायक मदन मित्रा की कार पर लोगों ने हमला कर दिया। अरियादाहा इलाके में यह घटना उस समय हुई, जब विधायक दौरा करने गए थे।

स्थानीय रहवासियों ने चोर-चोर के नारे लगाते हुए विधायक की कार पर अंडे फेंके। ये लोग कटमनी के रूप में दिए गए पैसे वापस करने की मांग कर रहे थे। घटना का एक वीडियो वायरल है।

इधर, हालांकि टीएमसी नेता ने बाद में दावा किया कि हमले के वक्त वे गाड़ी में नहीं थे। मदन मित्रा ने आरोप लगाया कि उनके ड्राइवर पर हमला किया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कमारहाटी के वार्ड नंबर 14 के एक पार्षद के घर के बाहर एक मीटिंग चल रही थी। जहां ऑटो-रिक्शा और ई-रिक्शा चलाने वाले कई लोग इकट्ठा हुए थे। इन लोगों की मांग थी कि सालों से कटमनी के रूप में दिया गया पैसा वापस किया जाए।

प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय नेताओं पर अवैध वसूली का आरोप लगाया और उनके खिलाफ नारेबाजी की। विरोध बढ़ता देख मदन मित्रा यह मीटिंग छोड़कर चले गए।मदन मित्रा पर हुए हमले को लेकर बीजेपी सांसद राजू बिस्ता कहते हैं, 'बीजेपी सरकार हिंसा में विश्वास नहीं करती। वास्तव में लोगों ने टीएमसी को सिर्फ इसलिए हराया, क्योंकि उन्होंने ऐसी हिंसा का विरोध किया था। 15 साल तक TMC ने लोगों को अपमानित किया। उनका पैसा लूटा और घुसपैठियों को फायदा पहुंचाने के अलावा कुछ नहीं किया।स्वाभाविक रूप से, पश्चिम बंगाल के लोग गुस्से में हैं। मेरा मानना है कि हिंसा का रास्ता उचित नहीं है। अगर जनता पुलिस स्टेशनों पर शिकायत दर्ज कराती है तो पुलिस-प्रशासन निश्चित रूप से कार्रवाई करेगा।'

# बड़े भाई ने छोटे भाई को मार डाला

**सिलेंडर से सिर फोड़ा, टांग पकड़कर सड़क पर फेंका, बोला- जिसे जो करना हो कर लो**

**लखनऊ, 07 जून।** लखनऊ में बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। मां-बाप से मारपीट का विरोध करने पर घरेलू गैस सिलेंडर से उसके सिर पर ताबड़तोड़ कई वार किए। खून से लथपथ छोटे भाई को टांग पकड़कर घसीटते हुए सड़क पर फेंक दिया। चिल्लाते हुए बोला- इसे मार डाला, जिसे जो करना हो कर ले। मौके पर पहुंचे चाचा और आसपास के लोग छोटे भाई को ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना रविवार दोपहर करीब 3 बजे जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-3 में हुई। मृतक आर्यन मिश्र (21) बीज भंडार में काम करता था। पुलिस ने आरोपी बड़े भाई अभिषेक मिश्रा (24) को हिरासत में ले लिया है।बड़े भाई ने इसी गैस सिलेंडर से छोटे भाई के सिर पर वार करके मौत के घाट उतार दिया। स्थानीय पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सबूत इकट्ठे किए। आर्यन के पिता रामानंद मिश्रा पेंटिंग का ठेका लेकर काम कराते हैं। उन्होंने बताया- छोटा बेटा आर्यन डालीगंज स्थित बीज भंडार में दवा सप्लाई का काम करता था। बड़ा बेटा अभिषेक कुछ नहीं करता है। अभिषेक नशा करने के बाद अक्सर सबसे मारपीट करता था। रविवार सुबह उसने पहले मुझसे मारपीट की। हम किसी तरह उससे बचकर छत पर भाग गए। इसके बाद तैयार होकर दुकान का सामान लेने के लिए पत्नी के साथ यहियागंज जाने लगे।इस दौरान अभिषेक ने अपनी मां मंजू मिश्रा की पिटाई शुरू कर दी। सड़क पर ही उनको लात मारने लगा। मोहल्लेवालों ने बीच-बचाव कराया। छोटे बेटे आर्यन ने इसका विरोध किया, तो अभिषेक ने उसके साथ गाली-गलौज की। उसके बाद उसके सिर पर सिलेंडर से वार कर दिए।

पिता रामानंद मिश्रा ने बताया- बड़ा बेटा नशे का आदी है। कोई काम-धंधा नहीं करता है।पिता रामानंद मिश्रा ने बताया- बड़ा बेटा नशे का आदी है। कोई काम-धंधा नहीं करता है। पड़ोस में रहने वाले शिवपूजन मिश्र ने बताया- सुबह के समय झगड़े के बाद रामानंद अपनी पत्नी के साथ चले गए। इसके बाद भी दोनों भाइयों के बीच झगड़ा चलता रहा। सड़क पर काफी मारपीट हुई, तो पड़ोस में रहने वाले किराएदार और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को हटा दिया। अभिषेक को घर के अंदर भेज दिया, जबकि आर्यन को घर से सटे दूसरे मकान के अंदर कर दिया। इस दौरान छत के रास्ते आर्यन फिर अभिषेक के पास चला गया, जहां दोनों के बीच काफी झगड़ा हुआ। अभिषेक ने उसके सिर पर सिलेंडर से वार कर दिए, जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। इससे भी अभिषेक का मन नहीं भरा तो उसकी टांग पकड़ कर खींचते हुए सड़क पर ले आया। फिर मोहल्लेवालों से कहने लगा इसको मार दिया। अब जिसको जो करना है कर लो। इस पर आर्यन को गंभीर हालत में चाचा परमानंद ने मोहल्लेवालों की मदद से ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मानसून महाराष्ट्र समेत 8 राज्यों में पहुंचा

**केरलम-तमिलनाडु में भारी बारिश, चेन्नई में पारा 40°c ,एमपी-राजस्थान में 50kmph की रफ्तार से आंधी चली**

**भोपाल/लखनऊ/जयपुर/पटना, 07 जून।** मानसून दक्षिण कोंकण पहुंच गया है। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने की उम्मीद है।

IMD के मुताबिक पूर्वोत्तर के मिजोरम और मणिपुर में भी मानसून पहुंच चुका है। अगले दो दिन में यह महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के बाकी हिस्सों, तेलंगाना और पूर्वोत्तर के बाकी राज्यों में पहुंच सकता है।

मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया।

उत्तर भारत में भी पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ दिल्ली, यूपी, पूर्वी राजस्थान में तेज गर्मी का दौर दोबारा शुरू हो गया है। यहां कई इलाकों में लू का अलर्ट जारी किया गया है।

देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई।

एमपी में भोपाल समेत 4 जिलों में 50kmph की रफ्तार वाली आंधी चली। राजस्थान के बीकानेर में बारिश के साथ ओले गिरे। यूपी के मऊ और गाजीपुर में भी शनिवार को बारिश हुई।

तीन दिन की देरी से पहुंचने के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। 4 दिन के अंदर इसने 7 राज्यों को कवर कर लिया है। शनिवार को मानसून ने आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र मिजोरम और मणिपुर में एंट्री ली। इससे पहले शुक्रवार को कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा में पहुंचा था। केरलम में मानसून 4 जून को पहुंचा था।

IMD के मुताबिक अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। अगले 10 दिनों में इसके बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है। स्काईमेट वेदर के एक्सपर्ट जीपी शर्मा के मुताबिक एमपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी रह सकती है, क्योंकि इसे आगे बढ़ाने के लिए बंगाल की खाड़ी में कोई मजबूत मौसम सिस्टम एक्टिव नहीं है। यूरोपीय मौसम एजेंसी के अनुसार, प्रशांत महासागर में अल नीनो बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ताजा आंकड़ों में समुद्र का तापमान उस स्तर से ऊपर पहुंच गया है, जिसे अल नीनो की शुरुआत माना जाता है।

वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इसके कारण दिसंबर तक समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से 3°C तक बढ़ सकता है। यदि यह सही रहा तो इस साल का अल नीनो दुनियाभर में तापमान को बहुत ज्यादा बढ़ा देगा।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार अल नीनो 2015-16 और 1997-98 के रिकॉर्ड से भी ज्यादा शक्तिशाली हो सकता है। पिछली दो बार नीनो 3.4 इंडेक्स में पारा औसत से 2.3°C ऊपर चला गया था।

## अगले दो दिन के मौसम का हाल

**8 जून :** केरलम, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी से बहुत तेज बारिश की संभावना है। ओडिशा, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अनुमान है।राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में आंधी-तूफान और तेज हवाएं चल सकती हैं।

**9 जून :** केरलम, कर्नाटक, तमिलनाडु, लक्षद्वीप और आंध्र प्रदेश में बारिश जारी रहने का अनुमान है। राजस्थान के कई हिस्सों में 30-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। पश्चिमी मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में आंधी-तूफान के साथ बारिश की स्थिति रह सकती है। ओडिशा, बिहार और झारखंड में आंधी-तूफान और बारिश का असर बना रह सकता है।

# 73 साल की दादी को ठेले पर लिटाकर बैंक पहुंचा

**कहा- पैर टूटा है, मैनेजर बोला था, साथ लेकर आओ, तब पेंशन मिलेगी**



**फर्रुखाबाद, 07 जून।** फर्रुखाबाद में पोता अपनी 73 साल की दादी को ठेले पर लिटाकर बैंक पहुंचा। बुजुर्ग महिला ठेले पर छाता लेकर लेटी हुई थीं। बेटा ठेला खींच रहा था और पोता साथ-साथ चल रहा था। पोते ने बताया- दादी को बैंक ले जा रहे हैं। इनका पैर टूटा है। बैंक मैनेजर ने कहा कि साथ लेकर आओ, अंगूठा लगाने के बाद ही पैसे निकलेंगे। घटना फतेहगढ़ इलाके की है। गुरुवार को पोता अपनी दादी को बैंक लेकर पहुंचा था। शनिवार को इसका वीडियो सामने आया।

फतेहगढ़ मोहल्ले के हाथी खान में किशन प्यारी अपने बेटे संजीव पाल के साथ रहती हैं। संजीव पाल ठेले से ढुलाई का काम करते हैं। उनका बेटा मनु पाल सिंगर है। यूट्यूब पर अपने गानों के वीडियो अपलोड करता है। किशन प्यारी के पति बिजली विभाग में तैनात थे। 26 साल पहले उनकी मौत हो गई थी। तब से किशन प्यारी पेंशन ले रही हैं। एक सप्ताह पहले किशन प्यारी का पैर टूट गया था। वह चल-फिर नहीं सकतीं। शनिवार को एक वीडियो सामने आया, जिसमें किशन प्यारी के बेटा और पोता उन्हें ठेले पर लादकर ले बैंक ले जा रहे थे। किशन प्यारी टूटे हुए पैर के साथ ठेले पर छाता लगाए लेटी थीं। वो दर्द से कराह रही थीं। तेज धूप के चलते उनका गला सूख रहा था। बीच-बीच में उन्हें बोतल से पानी पिलाया जा रहा था। पोते मनु पाल ने बताया कि गुरुवार (4 जून) को वह बैंक गए थे। उन्होंने अपनी दादी की समस्या बताई। मनु पाल का आरोप है कि बैंककर्मियों ने उनकी बात को गलत तरीके से लिया। उनके साथ बदतमीजी की।मनु ने बताया- इन्हें बैंक ले जा रहे हैं। रविवार (31 मई) को इनका एक्सीडेंट हुआ था। पैर टूटा है इनका। बैंक मैनेजर कह रहे थे कि खुद लेकर आओ। अंगूठा लगाने के बाद ही पैसे निकलेंगे। जिद कर रहे थे कि लेकर आओ, उन्हें देखकर ही पैसे निकाल पाएंगे। हम बैंक जा रहे हैं। एम्बुलेंस भी बुक नहीं हो रही थी। कार में इनका पैर आ नहीं रहा था, तो हमें इस हाल में ले आना पड़ा। आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार, 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग जो बैंक नहीं आ सकते। उनके घर जाकर बैंक कर्मचारी कार्रवाई पूरी कर सकते हैं। बैंक मैनेजर प्रवेश कुमार वर्मा ने बताया- उन लोगों को कहा गया था कि अगर खाताधारक को लाने की स्थिति हो तो उन्हें बैंक ले आएं। किसी कर्मचारी के माध्यम से बाहर ही भुगतान की व्यवस्था कर दी जाएगी। खाताधारक का पैर टूटा होने की जानकारी मिलने पर उनसे एक-दो दिन इंतजार करने के लिए कहा गया था। साथ ही आश्वासन दिया गया था कि जरूरत पड़ने पर किसी कर्मचारी को घर भेजकर भुगतान की प्रक्रिया पूरी करा दी जाएगी। इस तरह के तीन से चार मामले हर महीने सामने आते हैं। बैंक ऐसे मामलों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर भुगतान कराता है। उन्होंने कहा कि अगर वो लोग दोबारा मिलेंगे, तो उनसे बातचीत कर जानकारी ली जाएगी कि उस दिन ऐसी स्थिति क्यों बनी थी?


घर के बाहर घर जैसा आराम

होटल वैशाली



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087



कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

निदान चिकित्सा केन्द्र
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

डा. गुंजन यादव
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डा. रोहित यादव
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

डा. राधेश्याम यादव
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )

प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# पुलिस की संयुक्त टीम ने लगभग 16 लाख रुपए कीमत के 77 मोबाइल फोन किए बरामद



बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आम जनता के मोबाइल फोन गुम होने की प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सर्विलांस सेल व समस्त थानों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर एक विशेष अभियान के तहत, CEIR पोर्टल (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) का उपयोग करके तकनीकी विश्लेषण और ट्रैकिंग के माध्यम से गुमशुदा हुए 77 मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद किया। इन बरामद मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 16 लाख रुपये है।

पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा बरामद मोबाइलों के वास्तविक स्वामियों को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए। अपने खोए हुए फोन व अपना महत्वूर्ण डाटा वापस पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए बाराबंकी पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

बाराबंकी पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायत तुरंत अपने निकटतम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराएं या सीधे ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें, यह पोर्टल खोए हुए मोबाइल फोन को शीघ्रता से ट्रैक करने, ब्लॉक करने और बरामद करने में मदद करता है। साथ ही मोबाइल स्वामियों को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय व साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 व cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करने व यातायात जागरूकता व नियमों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया गया ।

विगत 06 माह में मोबाइल रिकवरी टीम द्वारा सराहनीय प्रदर्शन करते हुए कुल 700 से अधिक मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत करीब 01 करोड़ 39 लाख रुपये है, बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द किये गए हैं।

पुलिस टीम में उ0नि0 अजय सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल,हे0का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 मजहर अहमद, हे0का0 चन्द्रभान, हे0का0 बृजेश कुमार, का0 शैलेन्द्र कुमार, का0 प्रवीण शुक्ल, का0 अंकुर, का0 रवीन्द्र कुमार, म0का0 सुनिधि पाण्डेय सर्विलांस सेल जनपद बाराबंकी तथा समस्त थानों की सीईआईआर पोर्टल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिस/सर्विलांस टीम को मिली बड़ी सफलता,पच्चीस लाख के मोबाइल बरामद



बहराइच। बहराइच पुलिस/ सर्विलांस सेल की बड़ी कार्यवाही में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुमशुदा हुये विभिन्न कम्पनियों के कुल 101 मोबाइल फोन बरामद किए गए।जिसकी कीमत लगभग पच्चीस लाख रुपए बताई गई।जिसे मोबाइल धारकों के सुपुर्द किया गया।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में गुमशुदा मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु सर्विलांस टीम एवं समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों के नेतृत्व में विशेष अभियान संचालित किया गया था। उक्त अभियान के क्रम में जनपदीय सर्विलांस टीम द्वारा सभी थानों से समन्वय स्थापित करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर (CEIR) पोर्टल की नियमित मॉनीटरिंग की गई । अभियान के दौरान जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न कंपनियों, जिनमें एप्पल, सैमसंग, वीवो, ओप्पो, टेक्नो, रेडमी एवं वनप्लस आदि के कुल 101 गुमशुदा मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए।

बरामद मोबाइल फोनों को पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित मोबाइल धारकों को विधिवत सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल फोन प्राप्त कर लाभार्थियों द्वारा बहराइच पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की तत्परता एवं प्रभावी कार्यप्रणाली की सराहना की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसामान्य से अपील की गई कि वे अपने मोबाइल फोन में 'संचार सारथी' एप प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लें, जिससे मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आवश्यक सूचनाएं प्राप्त होती रहें। साथ ही, मोबाइल फोन गुम होने पर मोबाइल की बिल/आईएमईआई संख्या, आधार कार्ड एवं अन्य पहचान पत्र के साथ अपने स्थानीय थाने पर उपस्थित होकर/ ऑनलाइन सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। मोबाइल फोन बरामद होने अथवा प्रकरण में की गई पुलिस कार्यवाही की सूचना पंजीकृत मोबाइल नंबर पर उपलब्ध कराई जाती रहेगी।पुलिस अधीक्षक द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोनों की बरामदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपदीय सर्विलांस टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा भी की गई। मोबाइल बरामदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी में राकेश कुमार सिंह, प्रभारी सर्विलांस,उ0नि0 अभिषेक सिंह,मु0आ0 प्रदीप कुशवाहा,आ0 नितिन अवस्थी,आ0 आनन्द उपाध्याय व सीईआईआर पोर्टल पर नियुक्त समस्त कर्मी और थाना स्तर पर गठित रिकवरी टीम शामिल रहे।

# राज्य कर विभाग द्वारा आयोजित किया गया व्यापारी संवाद कार्यक्रम




बहराइच । राज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश जनपद बहराइच खण्ड-2 द्वारा प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन बेस एवं राजस्व वृध्दि समयवध्द रिटर्न फाईलिंग, जीएसटी पोर्टल पर करदाताओं को उनके स्वयं के द्वारा मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आईडी अपडेट करने तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी-20 सुधारों के प्रति जागरुकता हेतु उद्यमियों, करदाताओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से शनिवार को कपडा थोक कमेटी अतिथि भवन में उपायुक्त, राज्य कर, खण्ड-2 यासिर अहमद की अध्यक्षता में व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सभागार में उपस्थित समस्त व्यापारी, अधिवक्ता मीडिया से सम्बन्धित तथा विभागीय अधिकारियों के बीच उपरोक्त बिन्दुओं पर शासन की मंशा के अनुरुप व्यापार विचार विमर्श किया गया तथा व्यापारियों एवं विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुये व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने एवं एक पारदर्शी प्रणाली बनाने की बात की गयी। उपायुक्त अहमद द्वारा जीएसटी-2.0 सुधारों पर व्यापक प्रकाश डाला गया। पंजीयन आधार बढाने, समय से रिटर्न दाखिल करने, जीएसटी पंजीकरण में आई नई व्यवस्था 14ए के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त कम्पोजिशन एवं सर्विस सेक्टर के व्यापारियों को इन्वायसिंग एवं कर जमा करने की प्रणाली के बारे में भी विस्तार से बताया गया। व्यापार मण्डल के पदाधिकारी कूलभूषण अरोड़ा द्वारा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुये इसे व्यापारी बन्धुओं के लिये अत्यन्त उपयोगी बताते हुए व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझाव संवाद कार्यक्रम में रखे। व्यापारियों की समस्याओं को त्वरित समाधान के लिये ऐसे संवाद कार्यक्रम लगातार बनाये रखने का आश्वासन दिया गया। व्यापार मण्डल के पदाधिकारी कूलभूषण अरोड़ा द्वारा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुये इसे व्यापारी बन्धुओं के लिये अत्यन्त उपयोगी बताते हुए व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझाव संवाद कार्यक्रम में रखे। व्यापारियों की समस्याओं को त्वरित समाधान के लिये ऐसे संवाद कार्यक्रम लगातार बनाये रखने का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर जिला उधोग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दीपक सोनी, नगर अध्यक्ष बृजमोहन मातन हेलिया, महामंत्री प्रमोद डालमिया, अध्यक्ष गल्ला व्यापार मण्डल विकास मलानी, जिला कोषाध्यक्ष व्यापार मण्डल एवं टैक्स बार एसोसियेशन की ओर से अजय कुमार श्रीवास्तव, महासचिव टैक्स बार एसोसियेशन वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, शादिक खान एवं अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे। राज्य कर विभाग की ओर से उपायुक्त अहमद यासिर, सहायक आयुक्त अजय कुमार वर्मा, संदीप कुमार सिंह, राजीव चौधरी, आलोक मिश्रा व अम्बरीश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अस्थाई गोआश्रय स्थल का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण



बहराइच । जनपद स्थापित गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से शनिवार शाम राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच दिनेश प्रताप सिंह द्वारा विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्त्व व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के साथ तहसील व ब्लाक कैसरगंज में स्थित अस्थाई गोआश्रय स्थल परसेण्डी का भ्रमण किया गया। गो आश्रय स्थल पहुंचने पर सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री सिंह द्वारा गोआश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए गोपूजन कर गोवंशों को गुड़ व फल खिलाकर गौमाता व नंदी का सम्मान किया गया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान समय में शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 97 अस्थाई गोआश्रय स्थल, नगरीय क्षेत्र में 02 कान्हा गोशाला एवं 08 कांजी हाउस के साथ-साथ 10 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों में गोसंरक्षण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें जनवरी 2019 से अब तक 33 हज़ार से अधिक गोवंशों को संरक्षण प्रदान करते हुए उनमें लगभग 2700 इच्छुक पशुपालकों एवं कृषकों को 7000 से अधिक गोवंशों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अन्तर्गत सुपुर्दगी में दिया गया है।

सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि माह अप्रैल 2026 तक गो आश्रय स्थलों एवं सुपर्दगी में दिये गये गोवंशों के भरण पोषण की धनराशि सम्बन्धित के बैंक खातों में अन्तरित करा दी गई है। माह मई 2026 के भुगतान की औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि गैर सरकारी संस्थाओं को गोआश्रय स्थलों के गुणवत्तापूर्ण बेहतर संचालन के लिए जनपद में कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 03 एनजीओ द्वारा आवेदन किया गया है। सभी गोआश्रय स्थलों में भूसा/हरे चारे/चोकर/पशु आहार व गुड़ नमक की उपलब्धता है।

सीवीओ ने बताया कि वर्तमान समय में अस्थाई गोआश्रय स्थल परसेण्डी में 457 गोवंश संरक्षित हैं। गोआश्रय स्थल में लगभग 4000 कुण्टल से अधिक भूसे का भण्डारण किया गया है। 50 कि.ग्रा. की 28 बोरी चोकर एवं 25 कि.ग्रा. की 21 बोरी पशु आहार के साथ पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, गुड़ व नमक उपलब्ध है। गोआश्रय स्थल में स्थापित सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील है। पशुओं के लिए पर्याप्त पशु शेड के साथ साथ चरनी व प्याऊ का भी प्रबन्ध है।

गोआश्रय स्थल का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई संतोषजनक पायी गयी। प्रभारी मंत्री ने गोआश्रय स्थल में कराये गये वृक्षारोपण कार्य की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि इसी तरह से सभी गोआश्रय स्थलों वृक्षारोपण सुनिश्चित किया जाय तथा रोपे गये वृक्षों की ग्रोथ के लिए जिला उद्यान अधिकारी से तकनीकी सहयोग प्राप्त किया जाय। गो आश्रय स्थल परिसर में पटंजा बिछाकर सुरक्षित तरीके से किये जा रहे गोबर संचय कार्य की सराहना करते हुए प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया कि उत्पादित गोबर से जैविक खाद तैयार की जाय जिससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिल सके। इस सम्बन्ध में बीडीओ द्वारा बताया गया कि गोआश्रय परिसर में वर्मी कम्पोस्ट पिट बनायी गई है।

प्रभारी मंत्री को यह भी जानकारी दी गई कि डीएम व सीडीओ द्वारा गोआश्रय स्थल में इस प्रकार का नवाचार किया जा रहा है जिससे वन एवं उद्यान विभाग को वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री करके गो आश्रय स्थलों को स्वावलम्बी बनाया जा सके। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया कि वर्ष पर्यन्त हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। आवश्यकता होने पर स्थानीय किसानों से अनुबन्ध भी किया जाय। इस बारे में सीवीओ द्वारा बताया गया कि इस गोआश्रय हेतु 01 किसान से एम.ओ.यू. कराया गया है।

निरीक्षण के अन्त में प्रभारी मंत्री द्वारा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गोसंरक्षण के लिए अधिक संवेदनशील एवं सजग को होकर अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते रहने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, गोआश्रय स्थल संचालक एवं ग्राम पंचायत सचिव के साथ पशु मैत्री सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# साइकिल रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



बाराबंकी। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्व साइकिल दिवस पर संचालित साइकिल अभियान के अंतर्गत जनपद बाराबंकी में खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित साइकिल रेस प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन आज के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश वर्मा कर्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा फिट इंडिया अभियान को जन-जन तक पहुंचाना रहा। साइकिल रैली एवं प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को नियमित व्यायाम, स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश वर्मा कर्रा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए लगातार विभिन्न खेल एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। युवाओं को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

खेल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि साइकिल अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा खेल संस्कृति को मजबूत करना है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया।

इस अवसर पर खेलो इंडिया के कोच सुनील कुमार यादव जी,आर्चरी कोच कपिल वर्मा जी, क्रिकेट कोच मयांक द्विवेदी जी, हॉकी कोच विवेक सिंह जी

हैंडबॉल कोच पंकज पांडेय जी, सहित खेल विभाग के अधिकारी, प्रशिक्षक,गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना से ओत-प्रोत रहा।

# पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति महिलाओं/बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक



बहराइच। मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय चरण के तहत जनपद के विभिन्न स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन व जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर बहू-बेटी चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, उनके अधिकारों, तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति टीमों ने उन्हें विभिन्न सहायता सेवाओं, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी उपलब्ध कराई।महिलाओं पर होने वाले अपराधों की पहचान और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 - वीमेन पावर लाइन, 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 - सीएम हेल्पलाइन, 112 -इमरजेंसी सेवा, 181 -महिला हेल्पलाइन, 108 - एम्बुलेंस सेवा, 1930 - साइबर अपराध शिकायत हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी गयी । महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे लाभान्वित हो सकें। साथ ही मानव तस्करी / बाल तस्करी पर विशेष रूप से जानकारी दी गई कि इन अवैध गतिविधियों से कैसे सतर्क व सुरक्षित रहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल व प्रभावी तरीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें।

# 84 कोसी परिक्रमा मार्ग निर्माण पर किसानों का विरोध



बाराबंकी। बाराबंकी के दरियाबाद क्षेत्र में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण को लेकर किसानों का विरोध एक बार फिर सामने आया है। रविवार को किसानों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। किसानों का आरोप है कि अधिग्रहित भूमि से अधिक क्षेत्र में सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही, कुछ प्रभावित किसानों को अभी तक उनकी जमीन का मुआवजा भी नहीं मिला है।अलियाबाद, बबुआपुर और बेलहरी गांव के किसानों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर पोकलैंड मशीनों, डंपरों और अन्य वाहनों को रोक दिया। किसानों का कहना है कि राजस्व विभाग की त्रुटियों के कारण उन्हें परेशानी हो रही है और उनकी जमीन पर बिना उचित प्रक्रिया पूरी किए निर्माण कराया जा रहा है। अलियाबाद निवासी मथुरा प्रसाद, हरिभजन, राजू राजपूत, राधेश्याम, नरेंद्र और मुशीर सहित कई किसानों ने आरोप लगाया कि जितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया था, उससे अधिक पर काम हो रहा है। वहीं, पूरेकामगार निवासी रमेश निषाद ने बताया कि उनकी जमीन परियोजना में शामिल होने के बावजूद उन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने अधिकारियों के चक्कर लगाने की बात कही। किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल जाता और भूमि संबंधी विवाद का निस्तारण नहीं होता, तब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी किसानों ने इसी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया था, जिसके बाद कार्यदायी संस्था ने विवादित क्षेत्र में काम रोक दिया था। किसानों का आरोप है कि समस्या का समाधान किए बिना शनिवार को फिर से काम शुरू कर दिया गया, जिससे उनका आक्रोश बढ़ गया। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि विवादित क्षेत्र में निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक-दो दिन के भीतर संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर समस्या का समाधान कराया जाएगा और निस्तारण के बाद ही इस हिस्से में निर्माण कार्य दोबारा शुरू होगा।

# भारत विकास परिषद के तत्वाधान में हुआ नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन




बहराइच। हाल ही में नामित भाजपा सदस्य बैजनाथ रस्तोगी/भारत विकास सेवा संस्थान,भारत विकास परिषद के तत्वाधान में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का आयोजन नगर के गुदड़ी मोहल्ले में स्थित ललिता देवी मंदिर के प्रांगण में किया गया।मंदिर प्रांगण में आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में मोतियाबिन्द के रोगियों का महाराजा सुहेलदेव चिकित्सा महाविद्यालय (आरएचएन फाउन्डेशन) के सौजन्य से आये डा. सूरज मिश्रा एवम् उनकी टीम ने लगभग 225 से अभिक नेत्र रोगियों की जांच की एवं मोतियाबिंद के चिन्हित 55 रोगियों को आपरेशन हेतु बुलाया गया, इस दौरान रोगियों को निशुल्क दवा व चश्मे का वितरण आर एच एन फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस अवसर पर आरएचएन फाउंडेशन के प्रबंधक रवि अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल अरविन्द मिश्रा (संचालक), नन्हे लाल लोधी, आलोक सिंह , अशोक गुप्ता, अमरनाथ ,सौरभ मिश्र, अशोक शर्मा ,कन्हैया यज्ञसेनी द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।कार्यक्रम के संयोजक रवि अग्रवाल रहे।

# यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा लेकर तैयारी पूरी

गोंडा। गोंडा जिले में यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह परीक्षा कल 8 जून से शुरू होगी और 10 जून तक चलेगी। जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर तीन दिनों में कुल 37,440 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा कुल 6 पालियों में आयोजित होगी, जिसमें प्रत्येक पाली में 6,240 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई, अच्छी बेंच और डेस्क स्लिप लगाने का काम पूरा हो चुका है। गर्मी को देखते हुए सभी केंद्र व्यवस्थापकों को पंखे, कूलर, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एपरीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए केंद्रों पर त्रिस्तरीय निगरानी की व्यापक व्यवस्था की गई है। इसमें अभ्यर्थियों की जांच के साथ-साथ सीसीटीवी निगरानी, बायोमीट्रिक सत्यापन और रेटिना स्कैन की सुविधा भी शामिल है।

इस बार न केवल अभ्यर्थियों का, बल्कि परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों का भी बायोमीट्रिक सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा, ताकि नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित की जा सके। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को केवल प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और काले या नीले रंग का पेन ही केंद्र में ले जाने की अनुमति होगी। परीक्षा केंद्रों से लेकर स्ट्रांग रूम तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा और केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर यूपी एसटीएफ और स्थानीय अभिसूचना इकाई की लगातार नजर रहेगी। इसके अतिरिक्त, जिले की एसओजी और सर्विलांस टीम को भी सक्रिय किया गया है।

गोंडा साइबर सेल को भी इस कार्य में लगाया गया है, जो सोशल मीडिया और टेलीग्राम पर लगातार निगरानी रखेगी ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह को फैलने से रोका जा सके। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है लगातार अधिकारियों द्वारा सभी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया जा रहा है।इन स्कूलों को बनाया गया परीक्षा केंद्र गोंडा जिले में कल से शुरू हो रहे यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए जिले के भैया राघवराम पांडेय स्मारक गांधी विद्या मंदिर, भारतीय इंटर कॉलेज कटरा बाजार, पीएमश्री जीआईसी, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज, कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज, महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी इंटर कॉलेज डुमरियाडीह, पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी, एलबीएस महाविद्यालय विज्ञान परिसर, एलबीएस महाविद्यालय मुख्य परिसर तथा स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.-55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत

गोंडा। गोंडा-अयोध्या मार्ग पर रविवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई। यह घटना नवाबगंज के कटरा शिवदयालगंज स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने हुई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सुबह करीब 11 बजे नवाबगंज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर सामने से आ रही स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल को संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर आदर्श श्रीवास्तव (35) पुत्र अशोक कुमार, निवासी ग्राम दर्जी पुरवा ,काली मंदिर थाना खरगूपुर के रूप में हुई है।

# करोड़ों की सौगात से बदलेगी गोसाईंगंज की सूरत

## चार करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का हुआ शिलान्यास व लोकार्पण



**गोसाईंगंज-अयोध्या।** गोसाईंगंज नगर पंचायत में इलाकाई विधायक अभयसिंह व चेयरमैन डा. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने चार करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। विधायक ने कहाकि प्रदेश की सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे है।इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

चेयरमैन डा0विजयलक्ष्मी जायसवाल ने कहाकि कस्बे के सर्वांगीण विकास के लिए उनका सतत प्रयास जारी है।गोसाईंगंज नगर पंचायत को और विकसित करने के लिए तमाम महत्वपूर्ण योजनाओं का आगामी दिनो में शिलान्यास कराया जाएगा।इस अवसर पर पौराणिक चौरासी कोसी परिक्रमा पड़ाव स्थल महादेवा घाट के सौंदर्यीकरण का जंहा शिलान्यास भी हुआ वंही कस्बे के तमाम वार्डो में नाली, इंटरलॉकिंग, दिलासीगंज श्मशान घाट पर निर्मित शवदाह गृह, शौचालय, इंटरलॉकिंग, स्ट्रीट, कूड़ागाड़ी व टैंकर का लोकार्पण किया गया।नगर पंचायत प्रशासन ने नगर पंचायत के इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धि बताई। उक्त अवसर पर कस्बे के तमाम लोग,सभासदगण व पंचायतकर्मी मौजूद रहे। उक्त अवसर पर कन्हैयालाल त्रिपाठी, संजय पराग, शिवकुमार यादव, शिवपूजन सिंह ,हनुमान प्रसाद, उत्कर्ष शेखर जायसवाल, उमेश सिंह, विजय सोनी, जय प्रकाश साहू, सर्वेश मोनू, देशराज चौधरी, संजय सिंह, मौसमी किन्नर, दीपक गुप्ता, सभी सभासदगण व पंचायतकर्मी मौजूद रहे।

## साइबर क्राइम थाना पुलिस ने वापस कराया 3.74 लाख

अयोध्या। ऑनलाइन लेनदेन के दो पीड़ितों के बैंक खातों में जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कुल तीन लाख 74 हजार 948 रुपए की धनराशि वापस कराई है। प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम मो अरशद ने बताया कि साइबर हेल्पलाइन और पोर्टल पर दर्ज शिकायत जांच और कार्रवाई के लिए थाना पुलिस को मिली थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिना जानकारी आवेदक के खाते से तीन लाख 36 हजार 948 रुपये खाते से कट जाने और एक आवेदक के यूपीआई के माध्यम से 38 हजार रुपये कट जाने के मामले में रकम होल्ड करवा वापस कराई गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध कॉल,संदेश या लिंक पर विश्वास न करें और धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें अथवा पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं।

# आरएसएस स्वयंसेवकों ने लगाए पौधे

## संघ के द्वितीय सर संघचालक पुण्यतिथि पर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अयोध्या** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर श्गुरुजीश् की पुण्यतिथि पर संघ के कार्यकर्ता स्वयंसेवक ने श्रद्धांजलि अर्पित कर पौधरोपण किया है। जिला कार्यवाह वेदप्रकाश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक परम पूज्य श्गुरुजीश् की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। परम पूज्य गुरुजी ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को सशक्त वैचारिक आधार दिया और सेवा को राष्ट्रनिर्माण की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित किया। उनके नेतृत्व में संघ ने राष्ट्रजीवन के हर क्षेत्र में जनजागरण किया और राष्ट्रीय चेतना को नई ऊंचाई दी। सामाजिक एकता, अखंडता और आत्मगौरव को समर्पित उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। स्वदेशी और राष्ट्रोत्थान के उनके विचार युवा पीढ़ी को सदैव राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करते रहेंगे।



जिला सामाजिक सद्भभाव प्रमुख सीतासरन सिंह ने अपने संबोधन में कहाष्मां भारती की सेवा के लिए जीवन का हर क्षण अर्पित कर देने वाले राष्ट्र के रत्न, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक, परम पूज्य माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी की पुण्यतिथि पर उनके चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं! गुरुजी ने राष्ट्रहित हेतु समर्पित भाव से कार्य करने वाले स्वयंसेवकों की एक ऐसी मालिका तैयार की, जो आज राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ समाज के हर क्षेत्र में सक्रिय है जिला पर्यावरण प्रमुख धर्मवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहाष्मानव स्वयं पर अनुशासन के कठोरतम बंधन तब बड़े आनंद से स्वीकार करता है, जब उसे यह अनुभूति होती है कि उसके द्वारा कोई महान कार्य होने जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्रद्धेय माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशरू नमन। राष्ट्र को सर्वोपरि मानने वाले पूज्य गुरुजी ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया। उनके विचार, तपस्या और नेतृत्व हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। ऐसे महान राष्ट्रऋषि का जीवन सदैव हमें देशसेवा और संस्कारों के पथ पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा।ष् अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला संयोजक श्रीप्रकाश पाठक ने कहा मां भारती के परम उपासक गुरुजी ने अपने तपस्वी जीवन, प्रखर वैचारिक चेतना तथा अद्वितीय संगठनात्मक कौशल के माध्यम से राष्ट्र-आराधना की अमर संस्कृति का राष्ट्रव्यापी विस्तार किया। राष्ट्र निर्माण के प्रति उनका अद्वितीय दृष्टिकोण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का विचार तथा सामाजिक समरसता के लिए समर्पित उनका ध्येयनिष्ठ जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। श्रृंगी ऋषि आश्रम शेरवाघाट गोसाईगंज अयोध्या परिसर में दर्जनों छायादार पौधे लगाए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम आश्रम के मुख्य पुजारी ,शिवकुमार सिंह उपाध्यक्ष पूर्व सैनिक परिषद कपिल देव उपाध्यक्ष पूर्व सैनिक परिषद संदीप सिंह मंडल प्रमुख, राम विभूति सिंह, उग्रसेन सिंह आकाश सिंह योगेश्वर सिंह मार्ग प्रमुख आदि कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** आगामी पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्र बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर डॉक्टर गणेश कृष्ण जेटली इंटर कॉलेज शहजादपुर एच0टी0 इंटर कॉलेज टांडा कौमी इंटर कॉलेज मीरानपुर टांडा मिश्रीलाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज टांडा राम अवध जनता इंटर कॉलेज बरियावन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कटारिया याकूबपुर रामदेव जनता इंटर कॉलेज कटेहरी सर्वोदय इंटर कॉलेज कोटवा महमूदपुर अकबरपुर,निर्धारित केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास मार्ग, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, तलाशी व्यवस्था तथा परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु किए गए प्रबंधों का गहन निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा गया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। परीक्षा केन्द्रों पर तैनात समस्त पुलिस बल को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।




उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात एवं भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परीक्षा के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## एक पखवाड़े तक बंद रहेगा शॉर्ट कट रास्ता

**अयोध्या।** जनपद से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों तक पहुंच के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्माण की योजना पर लोक निर्माण विभाग ने कार्य शुरू कराया है। ऐसे में शॉर्ट कट मार्ग पर आवागमन में अवरोध रहेगा। इसलिए आम जन दूसरे तथा प्रमुख मार्गों को ही आवागमन के लिए उपयोग करें। लोक निर्माण विभाग के प्रान्तीय खण्ड की ओर से शारदा सहायक नहर पर रायबरेली हाईवे पर फैजाबाद शाखा के चौनेज 53.840 से प्रयागराज हाईवे पर चौनेज 56.260 तक नहर की दोनों पटरियों पर सात मीटर चौड़ाई में पक्की सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। अधिशासी अभियन्ता एसपी भारतीय ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव एवं कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए इस मार्ग पर रविवार 7 जून से 22 जून 2026 तक पूर्ण रूप से यातायात प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में समस्त यात्रियों,श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि इस अवधि में आवागमन के लिए इस मार्ग का उपयोग न करें। आवागमन के लिए समानांतर उपलब्ध वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और निर्माण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

# ट्रेलर से टकराई स्कार्पियो, सात घायल



**शुजागंज अयोध्या।** मवई में रविवार को नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसा हुआ। पटरंगा थाना क्षेत्र के रानीमऊ चौराहा स्थित हाईवे पर खड़ी एक ट्रेलर में पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। जिसमें सात लोग को हल्की चोटे आई पुलिस में सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई भेज दिया है

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रेलर सड़क किनारे खड़ी थी, तभी पीछे से आ रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पटरंगा थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। दुर्घटना में घायल विकास पुत्र महावीर निवासी बेल्जर मऊ मोतीहारी बिहार कृष्ण कुमार पुत्र हीरालाल आदापुर मोतीहारी बिहार बबीता देवी पत्नी विनय कुमार मोतीहारी बिहार विनय पुत्र जनार्दन प्रसाद मोतीहारी बिहार पुष्पा पत्नी विकास पटेल मोतीहारी बिहार शशि भूषण पुत्र वीर बहादुर सिंह मोतीहारी बिहार युवराज पुत्र विकास पटेल निवासी मोतीहारी बिहार को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई पहुंचाया गया।

चिकित्सकों के अनुसार, सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है।

पुलिस ने क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो वाहन को क्रेन की सहायता से हाईवे से हटवाया। इस दौरान कुछ समय के लिए मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही, लेकिन पुलिस की सक्रियता से यातायात जल्द ही सुचारू कर लिया गया।

## निषाद पार्टी के संस्थापक संजय निषाद का मनाया जन्मदिन



**सोहावल-अयोध्या।** निषाद पार्टी के संस्थापक डा. संजय निषाद का जन्म दिन रविवार को उनके आवास पर बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा गया। जन्मदिन पर भारी संख्या में समर्थकों के साथ लखनऊ पहुंचे निषाद पार्टी 274 बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के नेता करुणाकर पाण्डेय उर्फ बब्बू पाण्डेय ने गदा भेंट कर और माला पहनाकर अपने पार्टी के मुखिया को जन्मदिन की बधाई दी। डा. संजय निषाद अपने कार्यकर्ताओं द्वारा हुये जोरदार स्वागत से गदगद नजर आये। जन्मदिन की बधाई देने वालों में सैकड़ों समर्थकों के साथ करुणाकर पांडेय के छोटे भाई अधिवक्ता अरुणाकर पाण्डेय सोनू भी मौजूद रहे ।

# कुलपति ने परीक्षा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

## कृषि विवि में स्नातक की परिक्षाएं शुरू, पीजी व पीएचडी की परिक्षाएं नौ जून से

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय व कृषि महाविद्यालय के स्नातक की परिक्षाएं शुरू हो गई हैं। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने विवि परिसर स्थित कृषि महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कुलपति ने परीक्षा प्रश्नपत्र को देखा और परीक्षार्थियों एवं शिक्षकों से बातचीत भी की। कुलपति ने कहा कि परीक्षा भवन में 10 मिनट पहले ही छात्र-छात्राओं का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए और परीक्षा भवन में प्रवेश लेते समय ही उनकी तलाशी ली जाए। जिससे कि



परीक्षा देने में परिक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

परीक्षा केंद्र पर कृषि महाविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के द्वीतीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक डा. के. राधाकृष्णन ने बताया कि उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, मात्स्यिकी एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के द्वीतीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षाएं नौ जून से शुरू होंगी। परास्नातक द्वीतीय वर्ष एवं पीएचडी के के छात्र-छात्राओं की परिक्षाएं नौ जून से शुरू होंगी। सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षाएं आयोजित की जा रहीं हैं। परीक्षा के लिए भवन में प्रवेश करने से पहले परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी लेकर प्रवेश के लिए अनुमति दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान डॉ साधना सिंह, डॉ जसवंत सिंह, डॉ संजीत कुमार, डॉ रमेश प्रताप सिंह, डॉ उमेश चंद्र, डॉ एस बी सिंह, डॉ आलोक सिंह, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ समीर कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## अदालती नोटिस

(प्रारूप 7) (नियम 11 (1)

घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 12 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना

(धारा-12 घरेलू हिंसा) न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (जू0डि0) त्वरित महोदय, अम्बेडकरनगर

प्रकीर्ण वाद संख्या-543/2026, धारा-नियम-6 (5) घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2006, थाना-सम्मनपुर, जिला अम्बेडकरनगर

तारीख पेशी-22.06.2026 ई0

पूजा वर्मा बनाम प्रवीण कुमार आदि

बनाम 1 प्रवीण कुमार आयु लगभग 34 वर्ष पुत्र विजय बहादुर वर्मा (पति) 2 विजय बहादुर वर्मा आयु लगभग 69 वर्ष पुत्र स्व0 राम आसरे वर्मा (ससुर) 3 केवल पत्ती वर्मा आयु लगभग 66 वर्ष पत्नी विजय बहादुर वर्मा (सास) 4 अंगद वर्मा आयु लगभग 40 वर्ष पुत्र अज्ञात (चचेरे जेठ) 5 पवन पटेल आयु लगभग 28 वर्ष पुत्र विजय बहादुर (देवर) समस्त निवासीगण ग्राम बलुआ बहादुरपुर पोस्ट रूकुनुद्दीनपुर थाना सम्मनपुर तहसील जलालपुर जिला अम्बेडकरनगर-विपक्षीगण

याची............ ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा 12 के अधीन आवेदन फाइल किया है । आपको यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदक द्वारा माँगे गये अनुतोष (अनुतोषों) को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाए, व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउंसेल के मार्फत तारीख 22 मास 06 सन 2026 को 10 बजे पूर्वान्ह/अपरान्ह में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एकपक्षीय कार्यवाही करेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के.06.के.06.दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

(प्रारूप 7) (नियम 11 (1)

घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 12 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना

(धारा-12 घरेलू हिंसा)

न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (जू0डि0) त्वरित महोदय, अम्बेडकरनगर

न्यायालय श्रीमान् ग्राम न्यायालय न्यायाधिकारी आलापुर महोदय, अम्बेडकरनगर

वाद संख्या-273/2025, धारा-12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, थाना-आलापुर, जनपद अम्बेडकरनगर

तारीख पेशी-20.06.2026 ई0

संगीता बनाम रीतराम आदि

बनाम 1 रतीराम आयु लगभग 36 साल पुत्र श्री स्व0 दयाराम (पति) 2 कैलाशी आयु लगभग 57 साल पत्नी स्व0 दयाराम (सास) 3-संतराम आयु लगभग 38 साल पुत्र स्व0 दयाराम (जेठ), 4 राजितराम आयु लगभग 21 साल पुत्र स्व0 दयाराम (देवर) 5 सुदामा देवी आयु लगभग 36 साल पत्नी संतराम (जेठानी) 6 अनीता आयु लगभग 35 साल पत्नी पतिराम (जेठानी) निवासीगण ग्राम आमादरवेश पो0 आमादरवेशपुर थाना आलापुर, जिला अम्बेडकरनगर-विपक्षीगण

याची............ ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा 12 के अधीन आवेदन फाइल किया है । आपको यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदक द्वारा माँगे गये अनुतोष (अनुतोषों) को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाए, व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउंसेल के मार्फत तारीख 20 मास 06 सन 2026 को 10 बजे पूर्वान्ह/अपरान्ह में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एकपक्षीय कार्यवाही करेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के.04.के.04.दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**रानी बाजार, अयोध्या।** भीषण गर्मी के बीच ग्राम सभा दौलतपुर ,भाईपुर ,अमौना,सिडहिर नरसिंहपुर सोखावाँ, गौहनिया ,लीलापुर ग्रामीण क्षेत्रों में जारी अघोषित बिजली कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ा दी है दिन और रात में लगातार हो रही कटौती लो वोल्टेज ट्रिपिंग की समस्या के चलते लोगों को रात जाग कर गुजरना पड़ रही है क्षेत्र के समाजसेवी कपिल देव द्विवेदी, वीरेंद्र पांडे डिंपल ,राजेश यादव मोहम्मद हकीम, दूधनाथ यादव, डॉक्टर साहब बक्स पटेल, रामसागर रावत आदि लोगों ने विद्युत कटौती से निजात के लिए शासन से मांग की है।

## मौसम रहेगा शुष्क चलेगी लू

**अयोध्या।** आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। हवा सामान्य गति से पूर्वी व पश्चिमी चलने एवं औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिससे अभी उष्ण लू से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

श्री मिश्र के अनुसार रविवार का अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री जो सामान्य से 1.5 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री यह सामान्य से 1.0 डिग्री अधिक रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 88 व न्यूनतम 54 प्रतिशत रही। 4.7 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी-पश्चिमी दिशा से हवाएं चली।

# 18 वारंटियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा अपराध नियंत्रण, वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेन्द्र कुमार के निर्देशन,क्षेत्राधिकारी नगर नितीश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अकबरपुर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभावी कार्रवाई की गई।

मा0 न्यायालय से जारी वारंटों के अनुपालन एवं लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु कोतवाली अकबरपुर पुलिस द्वारा 10 विशेष टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा लगातार की जा रही दबिश एवं खोजबीन के परिणाम स्वरूप कुल 18 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार सभी वारंटियों को नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए मा. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान अन्तर्गत किया वृक्षारोपण

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका परिषद टाण्डा परिसर में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर क्षेत्र टांडा के प्रांगण और पार्क में जनप्रतिनिधियों सभासद के साथ श्रीमती शबाना नाज अध्यक्ष और नवागत श्रीमती प्रियंका मिश्रा अधिशाषी अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया । अधिशाषी अधिकारी श्री मती मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण को स्वस्थ्य रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है ।हमारे जीवन को बल प्रदान करने में पर्यावरण की अहम भूमिका है । पशु पक्षियों व मानव जीवन को ऑक्सीजन की आपूर्ति इसी से होती है । ऐसे में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सभासदों द्वारा एक वृक्ष मां के नाम लगाया गया व लोगों से अपील भी किया गया की वे भी उचित स्थान देखते हुए वृक्षारोपण अवश्य करें । पर्यावरण अवसर पर फलदार व छायादार सैकड़ो वृक्ष लगाए गए ऐसे में सभासद घिसियावन मौर्य, शकील अहमद,




अमीचंद, मनु, जुल्फेकार, आदि सभासदगण तथा नगर पालिक परिषद टांडा के शमशाद जुबेर कर अधीक्षक आआशीष कुमार चौहान जलकल अभियंता सलमान खान राजस्व निरीक्षक निशांत पांडेय कार्यालय अधीक्षक, अरशद जमाल लिपिक, नितेश मौर्य अवर अभियंता सिविल, हरिश्चंद पाठक मेट मोहम्मद हुसैन मोहम्मद इदरीश मोहम्मद रब्बानी मोहम्मद अहमद परवेज अहमद महेंद्र कुमार सफाई नायक और सफाई कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित

**रानी बाजार अयोध्या।** विकासखंड मसौधा के क्षेत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनदैला रानी बाजार अयोध्या में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन रविवार को हुआ चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद सिंह ने बताया कि आरोग्य मेले में आए हुए 17 महिला 13 पुरुष 03बच्चों की जांच दवा का वितरण किया गया मेले में अधिकतर रोगी बुखार अत्यधिक तेज धूप से शरीर में खुजली के मरीज रोग पेट रोग बच्चों में तेज बुखार हुआ दस्त तथा खून की कमी के मरीज रहे दो गर्भवती महिलाओं की जांच तथा खून की कमी की दवाई दी गई।

दो आयुष्मान व एक आभा कार्ड बनाया गया। मेले में फार्मासिस्ट ओ पी सोनी, परशुराम एएनएम मायावती उपस्थित रही।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सबसे छोटा पुत्र शहबाज पुत्र स्व.मुन्ना कुछ अराजक तत्वों के बहकावे में आ गया है तथा उसकी संगत गलत व्यक्तियों से हो गयी है जिससे मेरा कहा सुना नहीं मानता है और मेरी बेईज्जती करता है और मारता पीटता है। वह मुझसे व परिवार के सदस्यों से आये दिन पीकर मारपीट लड़ाई-झगड़ा तथा विवाद करता है। उसके गलत चाल-चलन से परिवार के लोग काफी परेशान है। समझाने-बुझाने पर भी कुछ नहीं मानता है। उसकी बेजा हरकतों से तंग आकर मैंने उसको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी प्रकार की लेन-देन अथवा अच्छे-बुरे कृत्यों के लिये मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी वह अपने कृत्यों के लिये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचनाकर्ता- फिरोजा खातून पत्नी मुन्ना**
**निवासी 120/105 इलाहाबाद रोड ग्राम व पो. रैतुआ**
**थाना पूराकलन्दर तहसील सोहावल जिला अयोध्या**

# तरुणमित्र

**सोमवार, 08 जून 2026**

संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्णा पक्ष.- 08


# यह कैसा न्याय

*अपने तरह के अनूठे फैसले में मद्रास हाईकोर्ट ने एक मामले के सुप्रीम कोर्ट में छह साल से ज्यादा लंबित रहने पर चिंता जताकर आत्मनिरीक्षण की दिशा में महत्त्वपूर्ण पहल करते हुए अदालतों को अपनी जिम्मेदारियों की याद भी दिलाई हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मामला 'न्याय का घोर उपहास बन गया है।' यह टिप्पणी 2016 में तमिलनाडु के राधापुरम विधानसभा सीट पर हुए चुनाव विवाद के संदर्भ में सामने आई है जिसमें द्रमुक नेता एम अप्पावु महज 49 वोटों से हार गए थे। उन्होंने डाक मतपत्रों की गिनती में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। 2019 में मद्रास हाईकोर्ट ने दोबारा गिनती का आदेश दिया, जिसके खिलाफ अन्नाद्रमुक के उम्मीदवार आइ एस इनबदुरई सुप्रीम कोर्ट चले गए। शीर्ष अदालत ने वोटों की दोबारा गिनती की अनुमति तो दी, लेकिन नतीजों की घोषणा पर रोक लगा दी। विडंबना यह कि सुप्रीम कोर्ट से मई 2026 में इसका अंतिम निपटारा तब हुआ जब वहां दो बार चुनाव हो चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी यही कहा कि अब सुनवाई को कोई औचित्य नहीं रह गया है। राधापुरम प्रकरण अधिक चिंताजनक इसलिए है क्योंकि 'जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951' की धारा 86 (7) स्पष्ट रूप से कहती है कि चुनावी याचिकाओं का निपटारा छह महीने के भीतर किया जाना चाहिए।*

*जब संसद ने समय-सीमा तय की है, तो सालों-साल इन मामलों का ठंडे बस्ते में रहना कानून की भावना के खिलाफ है। मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जी जयचंद्रन की प्रतिबद्धता सराहनीय है जिन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत महज 'समय बीत जाने' का बहाना बनाकर अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती। उन्होंने न्याय में देरी को एक गंभीर चेतावनी मानते हुए कहा, 'चुनाव याचिकाओं पर यदि अदालतें समय से फैसला नहीं करेंगी, तो भारत निरंकुश देश में बदल सकता है।' इससे संविधान प्रदत्त लोकतंत्र और वयस्क मताधिकार की सच्ची भावना कमजोर होगी। दरअसल, यह मामला इस बात का जीवंत उदाहरण है कि कैसे 'न्याय में देरी, न्याय की हत्या' बन जाती है। पुनर्मतगणना के नतीजे व्यवस्था को आईना दिखाने वाले हैं। जिन 203 डाक मतपत्रों को अवैध घोषित किया गया था, उनमें से 153 वोट अप्पावु के पक्ष में थे और प्रतिद्वंदी को सिर्फ एक वोट मिला था। इस तरह अप्पावु 103 वोटों से चुनाव जीत चुके थे। यानी मतदाताओं ने जिसे अपना प्रतिनिधि चुना ही नहीं था, वह पूरे पांच साल तक विधानसभा में बैठता रहा और सरकारी संसाधनों का उपभोग करता रहा। दूसरी ओर, जनता का वास्तविक प्रतिनिधि न्याय की आस में अदालतों के चक्कर काटता रहा। भले ही अंतिम फैसले के बाद कागजों में अब अप्पावु का नाम दर्ज कर दिया गया हो, लेकिन क्या यह तंत्र उस क्षेत्र की जनता को उनके पांच साल वापस लौटा सकता है? यह प्रकरण लोकतंत्र के एक प्रहसन में तब्दील होने की चेतावनी से कम नहीं है।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए अधिक व्यय, कार्य क्षमता व मान सम्मान में वृद्धि, यात्रा सुखद।

**वृषभ**- दिन शुभ, धमागम का सुयोग, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, बुद्धि का विकास, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, स्थान परिवर्तन।

**मिथुन**- शुभ भावनाओं का उदय, उन्नति का सुअवसर, अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, सुसंदेश मिलने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।

**कर्क**- विचारित योजना अधूरी, शंका-कुशंका प्रभावी, कार्यों में विफलता, आय में कमी, किसी बात को लेकर परेशान, शत्रु सक्रिय, मित्रों से तनाव, आवागमन में निराशा।

**सिंह**- समय अनुकूल, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी वैमनस्यता में कमी की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सुख के साधन उपलब्ध।

**कन्या**- कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, धर्म के प्रति आस्था, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

**तुला**- व्यापार में धन निवेश, अधीस्थ सहयोगियों से सहयोग, कार्यक्षमता में वृद्धि, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, आवागमन में अनुकूलता।

**वृश्चिक**- विविध पक्षों में निराशा, स्वास्थ्य में शिथिलता, किसी बात को लेकर परेशान, अपेक्षित सहयोग का अभाव, यात्रा में परेशानी, विश्वासघात की आशंका।

**धनु**- किसी योजना पर कार्यारम्भ, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, नवसम्पर्क से कुछेक मसला हल हल होने की ओर, मनोरंजन की ओर रुझान, व्यक्तित्व का विकास।

**मकर**- व्यवसाय में विस्तार, प्रभावशाली हस्तियों से असहयोग, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, कर्ज की निवृत्ति।

**कुम्भ**- दिनचर्या अनुकूल, जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, बकाए धन की प्राप्ति, यश में वृद्धि।

**मीन**- परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, जोखिम से नुकसान, कार्यों में विफलता, पारिवारिक शारीरिक कष्ट, किसी से विश्वासघात, स्वजनों से मनमुटाव।


**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722


# सुखद स्वास्थ्य हेतु प्रकृति के पंचतत्वों को समय से सम्भालें



आज का आधुनिक चिकित्सा विज्ञान अब इसी पंचतत्व की तरफ आ रहा है जहां हमारा अध्यात्म और आयुर्वेद बहुत पहले से ही था। आज पूरी दुनिया में हो रहे शोध स्पष्ट तौर पर यह कह रहे हैं कि अगर आपके जीवन की जैविक घड़ी में कोई रिदम अर्थात समयबद्धता नहीं है यानी आपको पर्याप्त भूख और नींद नहीं लगती है तो समझिए कि आप पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हैं। हमारे जीवन की आधी से ज्यादा क्रियाएं प्रकृति की प्राकृतिक लय से चलती हैं। आजकल देर रात तक जो जागते हैं, काम करते हैं, मोबाइल स्क्रीन पर लगातार लगे हुए हैं उनमें मोटापा, तनाव और डायबिटीज बहुत ही तेजी के साथ बढ़ रहा है यही कारण है कि दवाओं का बाजार बढ़ रहा है लेकिन हम स्वस्थ रहने के लिए ना तो उचित जीवन शैली अपना रहे हैं और न व्यायाम, प्राणायाम आदि कर रहे हैं। श्रीमद्भागवतगीता में भगवान कृष्ण ने आज से पांच हजार साल पहले कहा है-

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥ 6.17॥

अर्थात ना तो समुचित आहार है और न मन की शांति के लिए बिहार की व्यवस्था परिणाम यह हो रहा है कि हमारे शरीर के मूल-जनित बात, कफ और पित्त का संतुलन बिगड़ता चला जा रहा है। यही बात रामचरितमानस में तुलसीदास ने कहा है की प्रीत करें जो तीनों भाई। उपजहिं सन्यपात अधिकाई।। अर्थात बात कफ और पित्त में यदि उचित संतुलन नहीं रहा तो विभिन्न प्रकार की बीमारियां (सन्निपात अर्थात बुखार दर्द) हो जाती है। हमारे पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश इन्हीं तत्वों से हमारा बात, पित्त, कफ निर्धारित होता है। बात प्रकृति से मुख्य रूप से वायु यानी आकाश तत्व मानी जाती है जो गति संचार और तंत्रिका गतिविधि से जुड़ी होती है, पित्त में अग्नि और जल तत्व प्रमुख रूप से पाए जाते हैं जो पाचन और ऊर्जा उत्पादन से जुड़े हैं। हमारा शरीर का पानी इसी से जुड़ा है कफ में पृथ्वी और जल तत्व की अधिकता मानी जाती हैं जो शरीर को स्थिरता और पोषण प्रदान करता है।

प्रकाश, हवा, पानी, भोजन, विचार, विश्राम आपकी दिनचर्या, आपकी सोच का सीधा असर आपके शरीर पर पड़ता है। आज बड़े-बड़े शहरों में 'पंचकर्म' करके लाखों रुपए एक व्यक्ति से लिए जा रहे हैं सरकार द्वारा पंचकर्म की आयुर्वेद से पूरी मान्यता है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद के अध्ययन में पंचकर्म और विरेचन थेरेपी को स्वस्थ रहने के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। सरकार भी इस दिशा में काफी कार्य कर रही है लेकिन हमारा दायित्व होता है कि हम इस पर किस प्रकार से अमल करें? हमारे पेट की एक निश्चित दिनचर्या अर्थात टाइमटेबल होता है हम उसको भूल जाते हैं तो हमारे पाचनतंत्र गड़बड़ हो जाते हैं। हमारे तंत्रिका तंत्र और मस्तिष्क के विश्राम करने का एक समय होता है हम रात को अधिक देर तक जग जाते हैं तो ये स्नायुतंत्र काफी गड़बड़ हो जाते हैं। हमारी आंतों का भोजन पचाने का एक तंत्र होता है हम काफी, ड्रिंक, एसिडिटी, मिठास, तीखे पदार्थ ले लेते हैं यहां तक कि आजकल अल्ट्राप्रोसैस्ड चीजों को जो पैकेट में मिलती हैं उन्हीं के खाने का और उन्हीं को उपयोग करने का फैशन सा है तो इससे हमारी आंतें और खराब हो जाती हैं। प्राकृतिक तौर पर मिट्टी और आकाश से अर्थात सूर्य से फाइबर जो हमें सब्जी, सलाद के रूप में उपलब्ध है हम उनका उपयोग नहीं करते। यही सब हमारी शारीरिक कार्यप्रणाली को बार-बार खराब करते हैं,इनसे बचने के लिए हम एंटीबायोटिक,परगेटिव दवाओं के माध्यम से अपने को ठीक करते रहते हैं लेकिन सत्य यह है कि हमारे ये तंत्र बिगड़ते ही चले जाते हैं।

छिति, पृथ्वी अर्थात मिट्टी प्राकृतिक चिकित्सा में आजकल मिट्टी का लेप किया जाता है जिससे मड-थेरेपी कहते हैं, त्वचा के विकारों में आजकल इसका सर्वाधिक उपयोग हो रहा है क्योंकि मूल तत्व के रूप में हमारा शरीर भी इसी से बना हुआ होता है। आकाश तत्व खालीपन का प्रतीक होता है यह हमारे मन के,विशेषकर पाचनतंत्र तंत्रिकातंत्र पर बहुत प्रभाव डालता है।यदि हम खुले आकाश अर्थात कुछ देर धूप में रहे तो इस पर अच्छा प्रभाव पड़ता है।

अग्नि के बारे में तो कहा गया है कि जठराग्नि सात प्रकार की होती है यह भोजन को ऊर्जा में जिसे हम एटीपी एडिनोसिन ट्राई फास्फेट कहते हैं बदलती है,इसीलिए धूप का स्नान करना,भाप का स्नान करना और हमारे ऋषियन तो पंचाग्नि तापते थे। ठीक इसी प्रकार जल जो हमारे शरीर का 70% है यह हमारे तंत्रिकातंत्र को ठीक रखता है आजकल पंचकर्म में शीटजबाथ, और कंट्रास्टवाथ, जैसे नए तरीके आए हैं ठंडा पानी और गर्म पानी के स्नान इत्यादि की भी प्राकृतिक चिकित्सा चल रही है। वायु हम जानते हैं ऑक्सीजन का प्रवाह तांत्रिक और हृदय को स्वस्थ रखता है,गहरी सांस लेना और खुली हवा में रहना हमारे जो तनाव वाले हार्मोन कोर्टिसोल इत्यादि हैं उनका स्तर घटाता है और हमारे ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है।

इस प्रकार यह पांच तत्व जिससे हमारा शरीर निर्मित हुआ है वास्तव में ये मूल तत्व, प्रकृति में उपलब्ध इन्हीं तत्व से ही मिलना चाहते हैं अर्थात इस प्रकार की क्रियायों से यह अपने को पुष्ट रखते हैं इसलिए हमको चाहिए हम अपने आयुर्वेद और प्राकृतिक तत्वों पर ध्यान दें। हम अगर सूर्य की पहली किरण के साथ जागते हैं, समय पर भोजन करते हैं रात को शांत नींद से सोते हैं, खुली हवा का उपयोग करते हैं,समय मिलने पर हरियालीयुक्त दृश्यों को प्रशन्न भाव से देखते हैं तो स्वभाविक रूप से तनाव कम हो जाते हैं। अपने भोजन में प्रकृतिजनित सलाद, सब्जी, फल का उपयोग करते हैं तो निश्चित रूप से हमारा जीवन ज्यादा स्वस्थ रह सकता है। इसलिए हमारे यहां कहा गया है कि इन्हीं पांच तत्वों से यह मानव का अधम शरीर बना है जिसे बहुत ही कम समय का माना जाता है और जिसे सही ढंग से नहीं संभाला गया तो उसका समय और कम हो जाता है।


**प्रोफे आर एन त्रिपाठी**
**पूर्व सदस्य- उप्र लोकसेवा आयोग।**
**प्रोफेसर-समाजशास्त्र विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी**


# कंगाली में आटा गीला का सामना करती ममता बनर्जी



*- मनोज कुमार अग्रवाल -*

आपने एक पुरानी कहावत तो जरूर सुनी होगी कंगाली में आटा गीला। यह ममता बनर्जी के साथ बिल्कुल खरी साबित हो रही है एक ओर वह सत्ता से बाहर हो गयीं हैं दूसरे ओर उनके अपने ही उनके खिलाफ मुखर हो गएं हैं। आपको बता दें पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राजनीतिक और कानूनी परेशानियां मई 2026 में हुए विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद से लगातार बढ़ रही हैं। पार्टी के भीतर बड़ी बगावत और कानूनी मुकदमों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ममता बनर्जी की बढ़ती परेशानियों की वजह ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस अपने 28 साल के इतिहास के सबसे बड़े आंतरिक संकट से जूझ रही है। पार्टी के 58 विधायकों ने बागी रुख अपनाते हुए निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुन लिया है, जिसे विधानसभा स्पीकर ने मंजूरी भी दे दी है। इसके साथ ही, लगभग 20 से अधिक टीएमसी सांसदों के भी भाजपा के संपर्क में होने की खबरें सामने आ रही हैं। पार्टी पर पकड़ ढीली होने का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि संकट के बीच ममता बनर्जी द्वारा बुलाई गई हाई-लेवल बैठक में 80 में से केवल 8 विधायक और 41 में से सिर्फ 6 सांसद ही शामिल हुए। ज्यादातर निर्वाचित प्रतिनिधियों ने इस बैठक से दूरी बना ली, जो उनके नेतृत्व को एक सीधा चैलेंज माना जा रहा है। राजनीतिक मोर्चे के साथ-साथ ममता बनर्जी अब कानूनी पचड़े में भी फंस गई हैं। चुनाव के दौरान दिए गए उनके बयानों और "बांग्लादेश में हुई राजनीतिक हत्या के मामले को केंद्र सरकार से जोड़ने" को लेकर उनके खिलाफ सिलीगुड़ी और कोलकाता में राजद्रोह और हेट स्पीच की शिकायतें व पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। याचिकाकर्ताओं ने इसे देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है।

सत्ता हाथ से जाने के बाद जमीनी स्तर पर भी भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण भगदड़ मची हुई है। उनके बेहद करीबी माने जाने वाले कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और बिधाननगर की मेयर कृष्णा चक्रवर्ती ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इसके अलावा राज्यभर में 100 से ज्यादा टीएमसी पार्षदों और स्थानीय नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है।

ममता बनर्जी को अपने ही गढ़ भवानीपुर सीट से भाजपा के सुवेंदु अधिकारी के हाथों 15,105 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। राज्य में 15 साल पुराने टीएमसी शासन का अंत हो गया है और सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा की नई सरकार का गठन हो चुका है। ममता बनर्जी इन सभी विपरीत हालातों के खिलाफ सड़कों से लेकर हाइकोर्ट तक कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ रही हैं। आपको पता है कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के परिणाम एक माह पूर्व 4 मई को सामने आए थे। इनमें ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को निराशा का मुंह देखना पड़ा था। 294 सीटों वाली इस विधानसभा में उसे 80 सीटें ही मिली थीं। इस तरह 15 वर्ष तक प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं ममता का शासन खत्म हो गया था। ममता ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस से की थी। लम्बी अवधि तक वह इसके साथ जुड़ी रहीं, परन्तु 28 वर्ष पूर्व 1998 में उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) का गठन किया था और कम्युनिस्ट पार्टियों के तीन दशकों से भी अधिक प्रदेश में चले आ रहे लम्बे शासन को खत्म करने के लिए बड़ी दिलेरी और दृढ़ता से उसका मुकाबला किया था। इस समय लोकसभा में इनके 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं, परन्तु विगत लम्बी अवधि से इस पार्टी के भीतर ममता की तानाशाही और टकराव वाली नीतियों के कारण असंतोष और असहमति चल रही थी, परन्तु उनकी प्रशासन पर सख्त पकड़ और कठोर फैसलों से यह बग़ावत अंदर-अंदर ही सुलगती रही थी।

ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपने साथ राजनीति में लाकर उसे अधिक शक्तियां दे दी थीं। बनर्जी के काम करने के ढंग-तरीके से भी पार्टी गलियारों में असंतोष था, जिसके संबंध में ममता को लगातार उनकी पार्टी के नेताओं द्वारा अवगत करवाया जाता रहा था परन्तु ममता ने इस बात की ओर ध्यान नहीं दिया। अपनी ताकत के दम पर उन्होंने बड़ी राष्ट्रीय नेता होने का भ्रम भी पाल लिया था, जिस कारण राष्ट्रीय स्तर पर दर्जनों ही पार्टियों द्वारा बनाए गए 'इंडिया गठबंधन' की वह सदस्य ज़रूर बनी रही थीं, परन्तु इसमें शामिल अलग-अलग पार्टियों के सभी नेताओं से ऊंचा कद होने का भ्रम उन्होंने पाल रखा था। इसलिए विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने अपनी किसी भी सहयोगी पार्टी के साथ गठबंधन करने से इन्कार कर दिया था। उनके शासन के समय प्रदेश की आर्थिकता भी बेहद कमज़ोर हो गई थी और यह पूरी तरह कर्ज में डूब चुका था। केन्द्र के साथ लगातार टकराव रहने के कारण और उद्योग को समर्थन न मिलने के कारण प्रदेश की आर्थिकता डावांडोल हो गई थी। इसके साथ ही बेरोज़गारी की दर भी बढ़ चुकी थी, परन्तु पिछला पूरा समय केन्द्र और अन्य पार्टियों के साथ टकराव बने रहने के कारण भी उनकी प्रशासनिक तौर पर पकड़ ढीली पड़ चुकी थी। ऐसी स्थिति लोगों के भीतर निराशा में बदलती गई। लगातार सरकार विरोधी भावनाओं के बढ़ने का अनुमान लगाने में वह असमर्थ रहीं और न ही वह दीवार पर लिखे को पढ़ सकीं, जिस कारण उन्हें चुनाव में निराशा का मुंह देखना पड़ा।

हार के बाद भी उन्होंने खुले मन से आत्म-मंथन करने की बजाए अपनी पार्टी के भीतर असंतोष को अनदेखा किए रखा जो अंत में उनके लिए हानिकारक सिद्ध हुई। आंतरिक यह चिंगारी उस समय लपटें बन गई, जब उन्होंने ज्यादातर पार्टी नेताओं को अनदेखा करके अभिषेक बनर्जी के कहने पर विधानसभा में विपक्ष के नेता के लिए सैमन देव का नाम स्पीकर को भेज दिया, परन्तु ज्यादातर विधायक इस पद के लिए रिताव्रता बनर्जी के पक्ष में थे, परन्तु ममता ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया और इस पद के लिए स्पीकर को विधायकों के हस्ताक्षर वाला एक पत्र भेज दिया, जिस कारण ज्यादातर नेताओं ने बग़ावत का मार्ग अपना लिया। इस मामले को लेकर ही बुधवार को पार्टी के 80 विधायकों में से 59 विधायकों ने विधानसभा के स्पीकर से सम्पर्क किया। अपने हस्ताक्षरों वाला पत्र उन्हें सौंपा और अपने गुट को असली तृणमूल कांग्रेस बताया। पार्टी के 28 वर्ष के के इतिहास में ममता पर पहली बार इतना बड़ा हमला हुआ है। इसकी उदाहरण महाराष्ट्र से मिलती है, जब 20 जून, 2022 को वहां शिव सेना के 55 में से 40 विधायकों ने एकनाथ शिंदे का उस समय साथ दिया था, जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे। उसके सप्ताह भर बाद ही शिंदे वहां भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बन गए थे। अब दो तिहाई सदस्यों के एकजुट होने से विधानसभा में ममता के समर्थक सदस्य 2 दर्जन से भी कम रह गए हैं, जिससे उनकी राजनीतिक हालत और भी दयनीय हो गई प्रतीत होती है।

दूसरी तरफ भाजपा को बड़ी जीत प्राप्त होने के कारण उसके नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस के बागियों के साथ कोई भी समझौता करने से इंकार कर दिया है। रिताव्रता बनर्जी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वामपंथी विद्यार्थी संगठन से की थी। 34 वर्ष की उम्र में वह राज्यसभा के सदस्य बन गए थे और बाद में वह टी.एम.सी. में शामिल हो गए थे। ममता ने ही उन्हें वर्ष 2024 में राज्यसभा में भेजा था। विधानसभा चुनाव में वह उलबेरिया सीट से विधायक चुने गए हैं। चाहे ममता ने इस बड़ी चुनौती के समक्ष भी अपना हौसला कायम रखते हुए इन बागियों और भाजपा को ललकारा है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा विरोधी पार्टियों से सम्पर्क करने की बात भी की है, परन्तु अब यह देखना शेष होगा, कि वह निकट भविष्य में प्रदेश और देश की राजनीति में किस तरह विचरण करेंगी। स्पष्ट है कि आज की राजनीति में साम दाम दंड भेद सब का चलन बढ़ गया है सत्ता में सबको समेट रखने की ताकत है लेकिन सत्ता से बाहर होते ही अपने सगे साथियों की हकीकत सामने आ जाती है कि उनके दिल में कितना खार छुपाए बैठे थे यह बदलते दौर की राजनीति की नंगी तस्वीर है इस को स्वीकार करना ही होगा।


**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 39 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं )**
**सम्पर्क 9219179431**


## चंदौली

# डीएम-एसपी ने सुनी 95 फरियादें 6 मामलों का मौके पर निस्तारण




**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की मंशा को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग और पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने की।

समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, चकमार्ग पैमाइश, राशन कार्ड तथा पुलिस संबंधी मामलों को प्रमुखता से उठाया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व एवं भूमि विवाद से जुड़े मामलों में तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की उपस्थिति में निष्पक्ष जांच करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 95 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 06 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निर्धारित समयसीमा के भीतर निपटाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने आगामी मानसून को देखते हुए तहसील परिसर और आसपास की नालियों की विशेष सफाई कराने पर जोर दिया। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन को जलभराव, गंदगी और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए व्यापक सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. परितोष मिश्रा, एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व दुग्ध दिवस पर पशुपालकों का सम्मान, गो संरक्षण केंद्र में हुआ वृक्षारोपण



**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश के निदेशक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने शनिवार को जनपद का भ्रमण कर बृहद गो संरक्षण केंद्र कठौड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोशाला में भूसा, हरा चारा, पेयजल एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। गोवंशों को नियमित रूप से हरा चारा उपलब्ध कराए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

भ्रमण के दौरान निदेशक ने गो-पूजन कर गायों को गुड़ एवं चना खिलाया तथा गो संरक्षण केंद्र परिसर में बरगद का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर जिले के पांच उत्कृष्ट महिला एवं पुरुष पशुपालकों को प्रशस्ति पत्र एवं बाल्टी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी विकास से जुड़े कार्यों में उनके योगदान की सराहना की गई। इसके पश्चात आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में निदेशक ने जनपद के समस्त पशु चिकित्साधिकारियों, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों एवं अधिकारियों को शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पशुपालकों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी योगेश कुशवाहा सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अलीनगर थाने के उपनिरीक्षक वीरेन्द्र यादव निलंबित, विभागीय जांच शुरू

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली आकाश पटेल ने थाना अलीनगर पर तैनात उपनिरीक्षक ना0पु0 वीरेन्द्र यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर कर्तव्यपालन में स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के गंभीर आरोप हैं। निलंबन काल में वे पुलिस लाइन, चन्दौली से सम्बद्ध रहेंगे और उनके विरुद्ध विभागीय जांच आरंभ कर दी गई है। आरोप था कि 28.05.2026 को हुई स्वर्ण व्यवसायी से लूट की जांच में पता चला कि उसी दुकान पर कुछ दिन पहले टप्पेबाजी की घटना हुई थी। सूचना होने के बाद भी उपनिरीक्षक ने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं एक युवती के सुसाइड नोट छोड़कर गायब होने के मामले में लगभग दो माह प्रकरण लंबित रहने के बाद भी उचित जांच नहीं की गई।

जानकारी के अनुसार युवती की मौत उसी दिन थाना रामनगर, वाराणसी में हुई थी, पर उपनिरीक्षक ने अधिकारियों को भ्रामक जानकारी दी और आसपास के जनपदों के अज्ञात शवों की पड़ताल का दावा किया। उनकी लापरवाही के कारण परिवार को बिना सूचित किए युवती का अंतिम संस्कार अज्ञात शव के रूप में कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि जनता की शिकायतों पर त्वरित और उचित कानूनी कार्रवाई न करना तथा अनुशासनहीनता किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। पुलिस की छवि धूमिल करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध कड़े दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# मैं जड़त्व की अवस्था में हूँ....!



फोटो- गूगल से साभार

पता नहीं क्यों..... ?
मैं दे नहीं पाता हूँ...
कोई भी प्रतिक्रिया....
किसी भी क्रिया की...
मन,शरीर और आत्मा से भी...
शायद इसीलिए.....!
विश्वास भी नहीं कर पाता...
न्यूटन के इस नियम पर...
कि हर एक क्रिया की....!
होती है एक प्रतिक्रिया....
वास्तविकता क्या है.... ?
इसका भी मुझे भान नहीं....
हाँ इतना जरूर है....
कि मैं जड़त्व की अवस्था में हूँ....
वेग-आवेग-संवेग सबसे परे....!
साथ ही त्वरण-मंदन से मुक्त....
आकांक्षा भी नहीं है....!
यहाँ गतिमान होने की....
संवेग संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण...
दोनों ही नियम...स्वयमेव ही सिद्ध..
इसीलिए कभी-कभी लगता है
कि माया जगत में....कहीं मैं....!
ब्रह्मराक्षस तो नहीं हुआ जा रहा हूँ..
एकदम...आत्मकेंद्रित-आत्मशोधित
मित्रों इन बातों को....!
आप काल्पनिक मान सकते हो,
मुझे हँसी का पात्र मान सकते हो...
पर....सच मानो प्यारे....!
मैंने विज्ञान के सिद्धांतों पर...
खुद को फिट कर लिया है....
और.....कल्पनातीत जीवन....!
जीना शुरु कर दिया है....और....
मेरा यह मानना भी है....
आज के जीवन में बुद्धत्व प्राप्ति का
सबसे सरल मार्ग भी यही है...
जिसने भी कर लिया इस मार्ग का...
समय से अनुसरण और अनुकूलन..
समझ लो प्यारे.....!
जीवन का सफर पूरा करने में....
कहीं कोई बाधा वाकई में नहीं है....
और आगे की राह भी उसकी.....!
निष्कंटक-साफ-सुथरी और सही है
आगे की राह भी उसकी....!
निष्कंटक-साफ-सुथरी और सही है




**रचनाकार....**
**जितेन्द्र कुमार दुबे**
**अपर पुलिस**
**उपायुक्त, लखनऊ**


# कन्या जन्मोत्सव का आयोजन




**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर,चंदौली।** आज महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प0 कमलापति त्रिपाठी जिला चिकित्सालय चन्दौली के एस0एन0सी0यू0 वार्ड में किया गया।

इस कार्यक्रम में 15 नवजात बच्चियों को बेबी किट वितरित करके कन्या जन्मोत्सव मनाया गया बेबी किट वितरित करते हुए विभिन्न योजनाओ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करने के साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में भी जानकारी दी गयी तथा बालिकाओ के अभिभावक को यह भी अवगत कराया गया कि जन्मी बच्चियों को कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत निर्धारित श्रेणी में समस्त वांछित अभिलेखों सहित आवेदन कराकर योजना का लाभ ले सकते है।

कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग की जिला मिशन को-ऑर्डिनेटर श्रीमती रागिनी सिंह तथा अनीता नर्स, वन स्टॉप सेंटर, रीना त्रिपाठी सहित हास्पिटल के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थें।

# पर्यावरण दिवस पर गंगा तट हुआ हरा-भरा

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर चंदौली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति चंदौली द्वारा गंगा तट पर वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में गंगा टास्क फोर्स 137 बीएन जीआर बटालियन के देवेन्द्र सिंह की टीम, भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून की गंगा प्रहरी टीम और महात्मा गांधी महिला स्वयं सहायता समूह ने सक्रिय भागीदारी की।

जिला परियोजना अधिकारी दर्शन निषाद ने उपस्थित जनों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एक पेड़ सौ पुत्रों के समान होता। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट सच्चिदानंद सिंह साहनी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी के वरिष्ठ नेता विकास पांडेय तथा गंगा प्रहरी दीनदयाल निषाद मौजूद रहे। इस दौरान सभी को गंगा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रीय जलीय जीव गंगा डॉल्फिन के संरक्षण की शपथ दिलाई गई। गंगा प्रहरियों ने लोगों से प्लास्टिक का उपयोग बंद कर नदियों को अविरल-निर्मल रखने की अपील की।

# खटिया पर सो रहे युवक की गला रेतकर हत्या, गांव में सनसनी

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया ( चंदौली )।** चकिया कोतवाली क्षेत्र के शिकारगंज चौकी अंतर्गत जोगिया कला गांव में शनिवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। घर के बाहर खटिया पर सो रहे युवक की अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। मृतक की पहचान बृजेश यादव उर्फ बेचई (35 वर्ष) पुत्र रामचंद्र यादव निवासी जोगिया कला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बृजेश रोज की तरह शुक्रवार रात भोजन करने के बाद घर के बाहर चारपाई पर सोया था। देर रात अज्ञात बदमाशों ने उस पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

गले, सिर और चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। सुबह परिजनों की नजर खून से लथपथ शव पर पड़ी तो चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी रघुराज ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बताया कि प्रथम दृष्टया मामला धारदार हथियार से हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस पुरानी रंजिश समेत विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। संदिग्धों से पूछताछ जारी है और जल्द ही घटना का खुलासा किए जाने का दावा किया गया है।

# सुधार व दंड का लक्ष्य अवैध बसों पर शिकंजा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग 9 से 11 जून तक पूरे प्रदेश में विशेष प्रवर्तन (चेकिंग) अभियान चलाने जा रहा है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अवैध रूप से संचालित हो रही बसों पर कार्रवाई करना है। विभाग ने प्रमुख एक्सप्रेस-वे और टोल प्लाजाओं पर 24 घंटे प्रवर्तन दल तैनात करने का फैसला किया है।

अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) केडी सिंह गौर ने कहा कि परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं है, बल्कि सुधार लाना भी है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण ओवरस्पीडिंग है और लगभग 70 से 80 प्रतिशत हादसे इसी वजह से होते हैं।

उन्होंने बताया कि वाहन पंजीकरण, वाहन ट्रांसफर और ड्राइविंग लाइसेंस जैसी सेवाएं परिवहन विभाग की नियमित सेवाएं हैं। लेकिन विभाग आम लोगों के बीच अपनी



प्रवर्तन गतिविधियों के कारण अधिक जाना जाता है। सड़कों पर आरटीओ और एआरटीओ की मौजूदगी सीधे जनता से संवाद का अवसर भी देती है।

परिवहन विभाग के मुताबिक कई बसें ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की आड़ में बिना वैध परमिट के ऑनलाइन सीटवार बुकिंग कर रही हैं। ऐसी बसें नियमों के अनुसार टूरिस्ट वाहन होने के बजाय स्टेज कैरिज की तरह संचालित की जा रही हैं। इन्हीं वाहनों के खिलाफ यह विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान यमुना एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे सहित प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। टोल प्लाजाओं और महत्वपूर्ण चेकिंग प्वाइंट्स पर चौबीसों घंटे टीमें तैनात रहेंगी।

नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के खिलाफ चालान, वाहन सीज करने और भारी जुर्माना लगाने जैसी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बार-बार नियम तोड़ने वाले वाहन संचालकों पर भी सख्त नजर रखी जाएगी।

एडिशनल कमिश्नर एनफोर्समेंट केडी सिंह गौर ने कहा कि परिवहन विभाग गलत नंबर प्लेट, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगाने, वाहन कर जमा न करने और बार-बार दुर्घटनाओं में शामिल होने जैसे मामलों में भी कार्रवाई करता है। जरूरत पड़ने पर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाती है। इस अभियान से प्रदेश में अवैध यात्री परिवहन पर रोक लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी, नियमों का पालन सुनिश्चित होगा और सड़क परिवहन व्यवस्था अधिक व्यवस्थित बन सकेगी।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 के अभ्यर्थियों हेतु परिवहन निगम करेगा अतिरिक्त बसों की व्यवस्था:दयाशंकर सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा 08 जून, 09 जून एवं 10 जून, 2026 को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित की जा रही है। इस महत्वपूर्ण परीक्षा में 28 लाख से अधिक अभ्यर्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है। उन्होंने अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षित आवागमन एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा व्यापक तैयारियाँ करने के निर्देश दिए हैं।परिवहन मंत्री ने कहा कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उन्होंने निगम के समस्त क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को विशेष निर्देश जारी करने का निर्देश प्रबंध निदेशक को दिया है। मंडल एवं जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया जाए।




उन्होंने बताया कि प्रमुख बस स्टेशनों पर परीक्षा सहायता डेस्क स्थापित किए जाएं, जहाँ अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। परीक्षा केंद्रों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार बसों का अस्थायी रूट डायवर्जन एवं अतिरिक्त बसों का संचालन भी किया जाए। परिवहन मंत्री ने कहा कि अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए पर्याप्त संख्या में बसों, चालकों एवं परिचालकों की व्यवस्था की जाए। सभी चालक एवं परिचालकों को परीक्षार्थियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं। बसों की उपलब्धता एवं संचालन की निगरानी वीएलटीडी एवं जीपीएस प्रणाली के माध्यम से मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर रियल टाइम की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली को सक्रिय रखा जाए तथा साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन एवं अन्य यात्री सुविधाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध कराई जाए। सभी बसों को तकनीकी रूप से सुचारु एवं सुरक्षित अवस्था में संचालित किया जाए। प्रत्येक बस में अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पेयर व्हील एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहे। मंत्री ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा मार्गों पर प्रवर्तन दल लगातार सक्रिय रहें। साथ ही सभी डीजल पंपों को 24म7 संचालित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।परिवहन मंत्री ने प्रदेश के सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं परिवहन निगम उनके सुरक्षित, समयबद्ध एवं सुगम आवागमन के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखें।

# रक्षा मंत्री से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने की शिष्टाचार भेंट

लखनऊ। केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह से उनके लखनऊ प्रवास के दौरान क्षेत्रवासी, विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, चिकित्सकीय एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों, जनप्रतिनिधियों तथा भाजपा पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्रीय एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस दौरान साथ में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहें ।

इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश पटेल, पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी राजेंद्र तिवारी, गंगाराम अंबेडकर, डॉक्टर प्रतिनिधिमंडल की ओर से डॉ. नकुल सिन्हा एवं डॉ. मोहम्मद खालिद, उत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र मोहन भट्ट, बुद्धेश्वर विकास महासभा लखनऊ के प्रतिनिधि मंडल के साथ अजय त्रिपाठी %मुन्ना%, महिला शिक्षक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पीजीआई चिकित्सक प्रतिनिधिमंडल अमित गुप्ता,



सरगम अपार्टमेंट रेजिडेंट्स संगठन के अनुरोध राय, राजेश सिंह तथा ब्रह्म परिषद समाज के अध्यक्ष एस.पी. अवस्थी सहित विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने अपने सुझाव एवं विचार रक्षा मंत्री के समक्ष रखे।

इसके अतिरिक्त प्रमुख उद्यमियों, क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भी रक्षा मंत्री से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सभी प्रतिनिधिमंडलों का परिचय कराते हुए उनकी रक्षा मंत्री से भेंट करवाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास, जनसुविधाओं और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा प्राप्त सुझावों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।

# दिव्यांगों के लिए सहारा बनी योगी सरकार की पेंशन योजना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लाखों दिव्यांगजनों के जीवन में दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान/पेंशन योजना से सकारात्मक बदलाव आएं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित इस योजना से लाभार्थियों को आर्थिक सुरक्षा और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिला है। लाभार्थियों का कहना है कि समय पर पेंशन मिलने से दवा, भोजन और अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में मदद मिल रही है। कई परिवारों के लिए यह पेंशन जीवनयापन का सहारा बन गई है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की यह पहल उनके जीवन को आसान और सुरक्षित बना रही है।बाराबंकी की रहने वाली आशा और उनके पति हरिलाल ने बताया कि पेंशन मिलने से उनके घर की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार की इस सहायता से परिवार को बड़ी राहत मिली है। हरिलाल ने बताया कि उनकी पत्नी आशा एक हाथ से दिव्यांग हैं, जबकि वह स्वयं सांस की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण वह नियमित रूप से काम नहीं कर पाते हैं। ऐसे में दिव्यांग पेंशन उनके परिवार के लिए जीवनरेखा का काम कर रही है।

हरिलाल ने बताया कि समय पर पेंशन मिलने से दवा और अन्य आवश्यक जरूरतों का खर्च निकल जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है। उन्होंने बताया कि उनकी चार बेटियां हैं और सीमित आय के बीच परिवार का भरण-पोषण करना किसी चुनौती से कम नहीं है, लेकिन पेंशन मिलने से काफी सहारा मिला है।

इसी तरह लखनऊ के गोसाईगंज निवासी 35 वर्षीय कौशल को भी पिछले 5-6 साल से पेंशन का लाभ मिल रहा है। कौशल ने बताया कि योगी सरकार आने के बाद उन्हें दिव्यांग पेंशन का लाभ मिलना शुरू हुआ है। उन्हें प्रत्येक तीन महीने पर 3000 रुपये की पेंशन मिलती है, जिससे उनके जीवन-यापन में काफी मदद मिलती है। कौशल बाएं पैर से दिव्यांग हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समय पर पेंशन दिए जाने से उनकी आर्थिक परेशानियां काफी हद तक कम हुई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की यह योजना दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है।

लखनऊ के रहने वाले लाभार्थी रजनीश ने भी योजना की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें पिछले कई वर्षों से दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वह खेती-किसानी के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन सरकार की ओर से मिलने वाली पेंशन उनके लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत 12 लाख से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता मिली है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। योगी सरकार की इस पहल से ऐसे दिव्यांगजन, जिनके पास आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है और जो अपनी शारीरिक स्थिति के कारण नियमित कार्य करने में असमर्थ हैं, उन्हें बड़ी राहत मिल रही है।

# गरीब कल्याण सेवा ट्रस्ट की बैठक में हुआ संगठन विस्तार

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में गरीब कल्याण सेवा ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को अमहट स्थित राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार के आवास पर आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान, रक्तदान शिविरों के आयोजन और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रिंस गुप्ता को कुड़वार ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने की। इसमें संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से नियमित रक्तदान शिविर आयोजित करने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर संचालित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी दीपक गुप्ता, सुल्तानपुर जिलाध्यक्ष विजय भोजवाल, अमेठी जिलाध्यक्ष हरिशंकर कश्यप, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, विधिक सलाहकार राकेश वर्मा, जिला सचिव हृदयराम पाल और जिला प्रवक्ता दिलीप विश्वकर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि ट्रस्ट की सफलता सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने जोर दिया कि संगठन का प्रत्येक सदस्य ट्रस्ट की मजबूती की रीढ़ है। उपस्थित पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। वहीं, जिलाध्यक्ष विजय भोजवाल ने बताया कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य रक्त की कमी से किसी भी जरूरतमंद की जान न जाने देना है, साथ ही गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों तक हर संभव सहायता पहुंचाना है। राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार ने सभी पदाधिकारियों से संगठन की गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने और समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# निपुण 2.0 की तैयारी तेज, योगी सरकार कक्षा 5 तक मजबूत करेगी सीखने की बुनियाद

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बुनियादी शिक्षा सुधार के अगले चरण की तैयारी में जुट गई है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से कक्षा 1 से 3 तक आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत करने के बाद अब सरकार इसकी पहुंच कक्षा 5 तक बढ़ाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके लिए हिंदी, अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण अध्ययन (ईवीएस) विषयों के लिए नए अधिगम लक्ष्य और दक्षताएं निर्धारित की जा रही हैं। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार इन दक्षताओं और लक्ष्यों को 20 जून तक अंतिम रूप देकर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

हाल ही में यह कार्य-योजना अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की गई। बैठक में निपुण भारत मिशन के विस्तार, कक्षा 3 से 5 तक अधिगम लक्ष्यों के निर्धारण, शिक्षक परामर्श प्रक्रिया तथा क्रियान्वयन रणनीति की प्रगति की समीक्षा की गई। इसी के आधार पर मिशन के अगले चरण की रूपरेखा को आगे बढ़ाया जा रहा है।

बच्चों की सीखने की मजबूत बुनियाद ही भविष्य की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार बनती है। माना जा रहा है कि इसी सोच के अनुरूप योगी सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन के विस्तार की कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे कक्षा 3, 4 और 5 के विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निपुण भारत मिशन शिक्षा सुधार का मजबूत आधार बन चुका है। अब निपुण 2.0 के माध्यम से सरकार आधारभूत शिक्षा सुधार को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रही है। कक्षा 3 से 5 तक मिशन के विस्तार से बच्चों की सीखने की निरंतरता मजबूत होगी, विषयगत समझ बेहतर होगी और विद्यालयों में अधिगम परिणामों को नई गति मिलेगी।

निपुण विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ), परख और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के आधार पर दक्षताओं का मानचित्रण पूरा कर लिया गया है। इसके आधार पर विषयवार और कक्षावार अधिगम अपेक्षाओं को निर्धारित किया जा रहा है, जिससे शिक्षण प्रक्रिया को अधिक परिणामोन्मुखी बनाया जा सके। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों की सीखने की प्रगति को स्पष्ट रूप से मापा जा सके और शिक्षण प्रक्रिया को उसी के अनुरूप संचालित किया जाए।

कार्ययोजना के अंतर्गत हिंदी और गणित विषयों के लिए प्रारूप अधिगम लक्ष्य तैयार कर लिए गए हैं। आगामी चरण में अंग्रेजी और ईवीएस विषयों के लिए भी लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इन लक्ष्यों के माध्यम से विद्यार्थियों की कक्षावार सीखने की उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाएगा, जिससे शिक्षकों को शैक्षणिक योजना निर्माण और अधिगम मूल्यांकन में सहायता मिलेगी।

निपुण 2.0 की रूपरेखा को व्यावहारिक और विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इस दिशा में 12 शिक्षकों के साथ वर्चुअल परामर्श आयोजित किया जा चुका है। साथ ही कम से कम 10 शिक्षकों की सहभागिता के साथ परामर्श कार्यशाला आयोजित कर प्रस्तावित दक्षताओं और अधिगम लक्ष्यों का सत्यापन एवं परिष्करण किया जाएगा। इसके लिए व्यापक हितधारक परामर्श प्रक्रिया भी संचालित की जा रही है, ताकि अंतिम रूप से तैयार ढांचा विद्यालयों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हो। कक्षा 3 से 5 के लिए दक्षताओं और अधिगम लक्ष्यों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद निपुण संकल्प कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तर के शैक्षणिक नेतृत्व, शिक्षकों और अकादमिक टीमों को नए ढांचे से जोड़ा जाएगा तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति तैयार की जाएगी।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेटियों के उत्थान और सशक्तीकरण की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आज प्रदेश की लाखों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनकर उभरी है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित यह योजना जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक बालिकाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने का कार्य कर रही है।

प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब तक 27,37,703 बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। वहीं, 674.15 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। यह उपलब्धि न केवल योजना की व्यापक पहुंच को दर्शाती है, बल्कि बेटी के कल्याण के प्रति योगी सरकार की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करती है। योगी सरकार ने इस योजना के क्रियान्वयन में तकनीक का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया है। योजना का संचालन पूरी तरह ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे आवेदन प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनी है। वहीं पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। इस व्यवस्था ने बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी है और अनियमितताओं की संभावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया है। समयबद्ध भुगतान और पारदर्शिता ने योजना के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत किया है। साल 2019 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बालिकाओं को जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों पर आर्थिक सहायता प्रदान करती है। योजना के अंतर्गत छह चरणों में कुल 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। जिसमें बच्ची के जन्म पर 5,000 रुपये, एक वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण पर 2,000 रुपये, कक्षा-1 में प्रवेश पर 3,000 रुपये, कक्षा-6 में प्रवेश पर 3,000 रुपये और कक्षा-9 में प्रवेश पर 5,000 रुपये मिलते हैं, साथ ही इंटरमीडिएट/ हाईस्कूल उत्तीर्ण कर डिग्री/ डिप्लोमा में एडमिशन लेने पर 7,000 रुपये मिलते हैं।

इस तरह यह सहायता न केवल बालिकाओं के शिक्षा को प्रोत्साहित करती है बल्कि परिवारों पर पढ़ने वाले आर्थिक बोझ को भी कम करती है। उत्तर प्रदेश में कन्या सुमंगला योजना का बढ़ता दायरा इस बात का प्रमाण है कि योगी सरकार की नीतियों के केंद्र में महिलाओं और बालिकाओं का सर्वांगीण विकास है। आर्थिक सहायता, पारदर्शी व्यवस्था और समयबद्ध लाभ वितरण के माध्यम से यह योजना आज लाखों परिवारों के लिए भरोसे का नाम बन चुकी है और सच मायनों में बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी साबित हो रही है।

सी. इन्दुमती, निदेशक, महिला कल्याण विभाग ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना प्रदेश की बेटियों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सम्बधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी पात्र बालिका योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए सभी जिलों को समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। यह योजना केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार बालिकाओं के सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

# पुलिस ने बरामद किए 448 मोबाइल फोन

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के पुलिस ने खोए हुए मोबाइल को रिकवर करने का अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत आजमगढ़ पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में 448 मोबाइल फोन जिन्हें रिकवर किया गया है। उपभोक्ताओं को सौंपा गया। बरामद मोबाइल फोन की कीमत 94 लाख रुपए से अधिक की बताई जा रही है।

फरवरी 2024 से चल रही अभियान के अंतर्गत अभी तक 4650 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं जिनकी कीमत 11 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक की बताई गई है जिन्हें मोबाइल के स्वामियों को सौंपा गया है। पुलिस लाइन में आयोजित इस कार्यक्रम में मोबाइल रिकवरी अभियान के प्रभारी एसपी ग्रामीण चिराग जैन सभी उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल फोन सौंपे। जिले के एसपी ग्रामीण चिराग जैन का कहना है कि जिले में मोबाइल रिकवर करने का अभियान लगातार चलता रहेगा।

नागरिकों के खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है, जिन्हे बरामद करने हेतु सीसीटीएनएस प्रभारी जनपद आजमगढ़ को निर्देशित किया गया था।



माह फरवरी 2024 से गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है।

मई 2026 में आजमगढ़ पुलिस द्वारा जनपद में खोए हुए कुल 448 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 94 लाख रूपये) को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया हैं। वर्ष 2026 में आजमगढ़ पुलिस द्वारा कुल 1407 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 3 करोड़, 33 लाख, 75 हजार रुपये) को बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किया गया है। इस अभियान के तहत जिले के सभी स्थान से खोए हुए मोबाइल फोन रिकवर किए गए हैं।

# 5 युवक चोरी-लूट की फिराक में गिरफ्तार

कानपुर ।महाराजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। महोली मोड़ के पास बीती रात हुई इस कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से दो अवैध देशी तमंचे, सात जिंदा कारतूस, पेचकस, रिंच-पाना, सांबड़ और तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान महाराजपुर थाना क्षेत्र के लालूखेड़ा गांव निवासी दीपक निषाद (24), विशाल निषाद (18), मुलायम (20) के रूप में हुई। इसके अलावा, बैजाखेड़ा निवासी राजीव कुमार (19) और सूरज निषाद (19) भी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार युवक कई महीनों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। सर्विलांस और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने इन्हें पकड़ा। आरोपी मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेट पर मिट्टी लगाते थे या उन्हें मोड़ देते थे, ताकि उनकी पहचान न हो सके।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

कानपुर । कानपुर देहात में 8 से 10 जून तक होने वाली आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए अधिकारियों ने सभी केंद्रों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जनपद में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर संजय कुमार सिंह ने अकबरपुर डिग्री कॉलेज और अकबरपुर इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। वहीं, क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर राजीव सिरोही ने श्रीकृष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर,



रामस्वरूप ग्रामोद्योग इंटर कॉलेज भोगनीपुर और विवेकानंद राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पुखरायां में तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश द्वारों पर अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और पुलिस बल की तैनाती का मूल्यांकन किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, नकल या संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की प्राथमिकता अभ्यर्थियों को निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराना है। क्षेत्राधिकारी यातायात संजय गुप्ता ने पुलिस लाइन में स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसका उद्देश्य परीक्षा अवधि के दौरान आवागमन और समन्वय व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है।

जनपदीय पुलिस ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया है और लगातार निगरानी रखी जा रही है।पुलिस प्रशासन ने दोहराया है कि भर्ती परीक्षा पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराई जाएगी। किसी भी स्थिति में नकल या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गैस सिलेंडर को माला पहनाकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



कानपुर। घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में रविवार को कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी ने बारादेवी मंदिर के पास अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर को माला पहनाकर और श्रद्धांजलि अर्पित कर केंद्र सरकार की महंगाई और मूल्यवृद्धि की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान नेताओं ने गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग उठाई। प्रदर्शन की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता ने की, जबकि आयोजन पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम नवल कुशवाहा के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य विकास अवस्थी भी मौजूद रहे।

पवन गुप्ता ने कहा कि रसोई गैस कभी आम परिवारों के लिए सुविधा और आवश्यकता का प्रमुख साधन थी, लेकिन लगातार बढ़ती कीमतों के कारण अब यह आम जनता की पहुंच से दूर होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई ने गृहिणियों, मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। राम नवल कुशवाहा ने केंद्र सरकार से घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में तत्काल कमी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने मूल्यवृद्धि वापस नहीं ली तो कांग्रेस जनहित में अपना आंदोलन और तेज करेगी।

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने संबंधित अधिकारियों को 11 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की टूटी सड़कों की मरम्मत, बेहतर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, डिवाइडर निर्माण, अस्पताल निर्माण, तालाबों के सुंदरीकरण और अन्य जनसमस्याओं के समाधान की मांग की गई।

प्रदर्शन में पवन गुप्ता, राम नवल कुशवाहा, विकास अवस्थी, मोहित सविता, रुक्मा देवी, कमलाकांत तिवारी, हरिराम कटियार, शीलू श्रीवास्तव, जितेंद्र गिरी, आशुतोष सिंह, प्रताप साहनी, गणेश सविता, कुमुद साहनी, अमित गुप्ता, रामू प्रजापति, मोहित दीक्षित, राजेश प्रजापति, ध्रुव गौड़, गोविंद पासवान, वीरू चौरसिया, मंगलू राजपूत, संदीप गौतम, राजेश साहनी और विजय बहादुर पासवान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीडीए समाज के सम्मान की लड़ाई को मिलेगी नई धार

## दिलीप कुमार कोरी बने सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दिलीप कुमार कोरी को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विद्या भूषण पासी ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपकर नई जिम्मेदारी सौंपी।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विद्या भूषण पासी ने कहा कि दिलीप कुमार कोरी पार्टी के युवा, कर्मठ और संघर्षशील नेता हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा अनुसूचित जाति समाज के बीच पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) समाज सबसे अधिक उत्पीड़न और उपेक्षा का सामना कर रहा है, जिसका जवाब जनता वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर देगी।

नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप कुमार कोरी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा पीड़ित, शोषित और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे।

कार्यक्रम में डॉ. के.पी. चौधरी, राकेश कुमार, सुनील कुमार, पुनीत कुमार, सत्या सिंह, विजय सिंह, आकाश चौधरी, बाबूल विश्वकर्मा, अखंड प्रताप सिंह, शिवा यादव, प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विजय तिवारी प्रेसिडेंट व भरत बने को जोनल सेक्रेटरी

**पूर्व सैनिक बैंक कर्मचारियों की वार्षिक बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन**




**अयोध्या।** ऑल इंडिया एक्स सर्विसमैन बैंक एम्प्लॉइज फेडरेशन अयोध्या जोन की वार्षिक बैठक रविवार को एक होटल में आयोजित हुई। बैठक में संगठन से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों और पूर्व सैनिक बैंक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लियज्ञं कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुधाकर शुक्ला, राष्ट्रीय उप महामंत्री एवं यूपी के महामंत्री देवेंद्र कुमार उपाध्याय, प्रांतीय महासचिव राजू कुमार सिंह, प्रांतीय उप महासचिव मुरारी शुक्ला, प्रांतीय उप महासचिव एमपी मिश्रा के साथ पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक श्रवण देव पाठक तथा सुरक्षा अधिकारी करिश्मा किरण विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

बैठक के दौरान पूर्व सैनिक बैंक कर्मचारियों की समस्याओं और सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से अयोध्या जोन की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें विजय तिवारी को जोनल प्रेसिडेंट, भरत तिवारी को जोनल सेक्रेटरी तथा त्रिभुवन यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने संगठन की एकजुटता और राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# समाजसेवी ने शैक्षिक आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से समाज को मजबूत बनाने का किया आह्वान किया

**चौधरी सम्मेलन में एकजुटता पर दिया जोर**



**अयोध्या।** अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के आसिफ बाग तिराहा के निकट यादव चौधरी समाज का विशाल सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता रामबख्श यादव ने किया, जबकि अध्यक्षता चौधरी समाज के अध्यक्ष रामकरन यादव ने किया।

मुख्य अतिथि सुरेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यादव समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है और भगवान श्रीकृष्ण यदुवंशी कुल से थे। उन्होंने समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने, युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने तथा आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक रूप से समाज को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की सुख-समृद्धि के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा तथा छोटे-मोटे विवादों को आपसी सहयोग से सुलझाना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चौधरी संघ के जिला अध्यक्ष रामकरन यादव ने कहा कि समाज के विकास और उन्नति के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। स्थानीय पार्षद शिवकुमार यादव ने समाज में आपसी मनमुटाव समाप्त कर एकता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

संचालक शिक्षक नेता रामबख्श यादव ने कहा कि चौधरी यादव समाज सामाजिक जागरूकता एवं संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने तथा युवाओं को नई दिशा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

सम्मेलन में मंजीत यादव, अनिल यादव, अजय यादव, प्रधान छंगू यादव, संदीप यादव पुवारी, ओमकार यादव,प्रधान ओमप्रकाश यादव, मानसिंह यादव, कल्लू यादव, खलीफा राम केवल यादव, भोजपुरी गायक राजाराम यादव सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक अशोक यादव एवं स्थानीय पार्षद शिवकुमार यादव ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# कथावाचक के ऊपर युवती ने लगाए गंभीर आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बीकापुर अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के निवासी एक कथा वाचक पर युवती द्वारा लगाए गंभीर आरोप। सिवान बिहार की रहने वाली महिला ने स्थानीय प्रसिद्ध कथा वाचक पर झांसा देकर मंदिर में शादी रचाने, अवैध संबंध बनाने, महंगे जेवर हड़पने, जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए बीकापुर कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता के अनुसार कथा वाचक पवनदेव महाराज ने मंदिर में शादी रचाकर कुछ दिन अपने घर रखने के बाद उसका परित्याग कर दिया। मामला बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के मलेथू गांव के रहने वाले हैं।महिला उत्पीड़न से जुड़ा मामला होने के चलते स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर के कार्यवाही में जुट गई है।

कथा वाचक पवनदेव महाराज का कहना है कि ये हमारे साथ में धन उगाही के लिए धोखाधड़ी कर रही है इस लड़की से न तो कोई ऐसा मामला हमारा और उसका हुआ है नहीं।

वहीं दूसरी तरफ महिला के भाई विकास श्रीवास्तव ने बिहार के सिवान से बीकापुर आ कर कथा वाचक पवनदेव महाराज के बचाव में सामने आ गए हैं। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया को बताया कि हमारी बहन का कई लोगों से संबंध है तथा ओ इस तरह कई लोगों के ऊपर झूठा आरोप लगाकर अवैध तरह से धन उगाही करती है और जो आरोप महिला ने कथा वाचक के ऊपर लगाया है कि हमको कई महीने तक वह अपने पास रख कर संबंध बनाए है तथा जेवर हड़प लिया है वह निराधार और झूठा है। अगर ऐसा किया होता तो कहीं कोई मुकदमा गुमशुदगी का दर्ज होता न ही कोई दर्ज कराया है।

पुलिस क्षेत्राधिकार सुनील सिंह का कहना है कि महिला के द्वारा तहरीर पत्र दिया गया है इसके विरुद्ध कथावाचक पवन देव महाराज के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गई है।

# कृष्ण लीला की कथा से भावविभोर हुए श्रद्धालु, संत आत्माराम का हुआ भव्य सम्मान



**अयोध्या धाम।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में जानकी घाट स्थित कनक महल में सात दिवसीय चल रही भागवत कथा में कथा व्यास पर बैठे प्रसिद्ध कथा वाचक संत आत्माराम के मुखारविंद से कृष्ण लीला की कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। हर्षोल्लास एवं भक्ति मई वातावरण में चल रहा भागवत कथा में सनातन रक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल माधव त्रिपाठी एवं इनकी धर्मपत्नी वंदना त्रिपाठी पहुंचकर कथा व्यास पर विराजमान संत आत्माराम जी को रामनामा गमछा एवं भगवान श्री राम लाल का चित्र भेंट कर स्वागत सत्कार किया साथ ही आशीर्वाद ग्रहण कर कृतार्थ हुए द्य भागवत कथा में राजस्थान से पधारे राजस्थान कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष ओम सिंह देवड़ा को वंदना त्रिपाठी के अनुमोदन पर सर्व सम्मति से राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर सनातन रक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल माधव त्रिपाठी ने नियुक्ति पत्र देकर प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी साथ ही संगठन विस्तार पर विश्वास व्यक्त किया। स्नातक रक्षक संघ की जिम्मेदारी मिलते ही भागवत कथा में मौजूद सनातन धर्मी एवं राम भक्तों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष माधव मुकुल त्रिपाठी एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष ओम सिंह देवड़ा का तालियो की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया।

# पारंपरिक कृषि बड़े उद्योग का रूप ले रही : डॉ. महेन्द्र सिंह

## एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट में उभरते अवसर व चुनौतियाँ विषय पर हुआ व्याख्यान



**अयोध्या।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग में एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट में उभरते अवसर और चुनौतियाँ विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कृषि प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में आधुनिक कृषि और प्रबंधन के अंतर्संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पारंपरिक कृषि अब एक बड़े उद्योग का रूप ले रही है। एग्री-बिजनेस के क्षेत्र में सप्लाई चेन मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग और एग्रो-स्टार्टअप्स के रूप में युवाओं के लिए रोजगार के असीमित अवसर मौजूद हैं। डॉ. सिंह ने कृषि में एआई, ड्रोन तकनीक और डेटा एनालिटिक्स के बढ़ते प्रभाव पर जोर दिया, जो फसलों की उत्पादकता बढ़ाने और नुकसान को कम करने में सहायक हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे ऐसे बिजनेस मॉडल पर काम करें जो न केवल मुनाफे पर केंद्रित हों, बल्कि पर्यावरण और किसानों के आर्थिक उत्थान में भी मददगार साबित हों। इस अवसर पर प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, डॉ. राकेश कुमार मिश्रा आदि , बड़ी संख्या में शोधार्थी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में वृद्धि आम जनता पर अतिरिक्त बोझ : कांग्रेस

**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रूपये की वृद्धि पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे आम जनता पर महंगाई का एक और प्रहार बताया है। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह तथा जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम नागरिकों का जीवन कठिन होता जा रहा है। रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, बिजली तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने मध्यम वर्ग, किसानों, मजदूरों और गरीब परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्ष 2004 में घरेलू स्च्ळ सिलेंडर की कीमत लगभग 262 रूप्ये थी, जो वर्तमान में बढ़कर 942 रूप्ये तक पहुंच गई है। इसके विपरीत आम लोगों की आय और रोजगार के अवसरों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है। ऐसे में रसोई गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी परिवारों की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर रही है। नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल रही है। जनता राहत की अपेक्षा कर रही है, लेकिन आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि सरकार को तत्काल प्रभाव से घरेलू स्च्ळ सिलेंडर की कीमतों में कमी कर आम उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करनी चाहिए। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि महंगाई आज देश के सामने सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है और सरकार को जनता की परेशानियों को गंभीरता से लेना चाहिए। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि बढ़ती गैस कीमतों का सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं और घरेलू बजट पर पड़ रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के दोहरे संकट से आम नागरिक परेशान है तथा सरकार को जनहित में ठोस कदम उठाने चाहिए। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की आवाज उठाती रहेगी और महंगाई के मुद्दे पर संघर्ष जारी रखेगी। कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार से घरेलू स्च्ळ सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने तथा महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# अवध विवि की न्यू टीचर्स कॉलोनी में चला स्वच्छता अभियान

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्वच्छता एवं बागवानी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में स्वच्छ, सुंदर, स्वस्थ,भव्य एवं नव्य परिसर के लक्ष्यगत चल रही 30 दिवसीय स्वच्छता उत्प्रेरक वृहद कार्यशाला के अंतर्गत रविवार को न्यू टीचर्स कॉलोनी आवासीय परिसर में सफाई कार्य बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुई। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के स्वच्छता विषयक दूरगामी सोच एवं स्वच्छ परिसर- सुंदर परिसर के उद्देश्य को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय आवासीय परिसर में लगभग 70 स्वच्छ कर्मी, गैर शैक्षणिक कर्मचारी, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया । सफाई कार्यशाला में समस्त स्वच्छ कर्मियों द्वारा न्यू टीचर्स कॉलोनी के मुख्य द्वार, टाइप 3 के आवास एवं टाइप 4 के आवास को गहनता के साथ स्वच्छ किया गया, जिससे परिसर अपने आकर्षक स्वरूप को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ा। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छता उत्प्रेरक चल रही कार्यशाला के अंतर्गत दिनांक 8 जून को अहिल्याबाई महिला छात्रावास तथा उत्तर पुस्तिका भवन, आवासीय परिसर में गहन स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसमें लोगों से स्वैच्छिक रूप से और ज्यादा प्रतिभागिता सुनिश्चित करने का निवेदन किया जाएगा, ताकि हम अपने परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बना सकें।



# कुमारगंज में बिना अनुमति लगे होर्डिंग, आंधी-तूफान में खतरा

**नगर पंचायत ने हटाने का दिया आश्वासन**




**मिल्कीपुर-अयोध्या।** नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र में बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग, पोस्टर, बैनर और पंपलेटों की भरमार देखी जा रही है। ओवरब्रिज के नीचे, प्रमुख चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी संख्या में विज्ञापन सामग्री लगी हुई है, जिससे न केवल नगर की सुंदरता प्रभावित हो रही है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों आंधी और तेज हवाओं का मौसम चल रहा है। ऐसे में लगे बड़े-बड़े होर्डिंग कभी भी टूटकर सड़क पर गिर सकते हैं। यदि किसी समय यातायात के दौरान होर्डिंग गिर गया तो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। विशेष रूप से कुमारगंज ओवरब्रिज के नीचे और आसपास के क्षेत्रों में कई स्थानों पर बिना अनुमति के होर्डिंग लगाए गए हैं। इसके अलावा बिजली के खंभों, दीवारों और सार्वजनिक संपत्तियों पर भी पोस्टर, बैनर और पंपलेट चस्पा किए गए हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष नगर पंचायत प्रशासन ने 20 मई के आसपास अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग और विज्ञापन सामग्री को हटवाया था। इसके बावजूद इस वर्ष अब तक कोई व्यापक कार्रवाई नहीं की गई है, नागरिकों का कहना है कि बरसात और आंधी के मौसम से पहले ऐसे सभी अवैध होर्डिंग हटाए जाने चाहिए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इस संबंध में नगर पंचायत कुमारगंज के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि नगर क्षेत्र में लगे अवैध होर्डिंग, पोस्टर और बैनरों को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर अभियान चलाकर सभी अवैध होर्डिंग और विज्ञापन सामग्री हटवा दी जाएगी, जिससे नगर क्षेत्र को सुरक्षित और स्वच्छ बनाया जा सके।

# ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी व अवध विवि के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या एवं ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान, नेरी हमीरपुर (हि.प्र.) के मध्य कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी (हमीरपुर) व डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के बीच मौलिक अनुसंधान के लिए बेहतर तालमेल स्थापित हो सके, उसकी शर्तें और उद्देश्य को समक्ष रखते हुए श्औपचारिक समझौताश् हस्ताक्षरित किया जाना एक महत्त्वपूर्ण कदम है। ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान की स्थापना सन् 7 अक्तूबर, 2002) में हुई है। शोध संस्थान नेरी (हमीरपुर) इतिहास, पुराकल्प, पुरावृत्त, आख्यान, उपाख्यान, ऐतिह्य, परक्रिया, परकृति, इतिवृत्त, अनुचरित, अनुवंश, कथा, परिकथा, गाथा, अन्वाख्यान, चरित, नाराशंसी, कालविद्, गोत्र-प्रवरकार, राजशान, पुराण और आख्यायिका, आदि इतिहास के महत्त्वपूर्ण 22 प्रकारों पर शोध व लेखन कार्य कर रहा है। शोध व लेखन के साथ-साथ संस्थान में शोध पुस्तकों का प्रकाशन, इतिहास दिवाकर शोध पत्रिका का प्रकाशन, राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियां व परिसंवादों का आयोजन भी किया जाता है।



इतिहास शोध संस्थान नेरी (हमीरपुर) से जुड़े विद्वान विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शोध संस्थानों से संबन्ध रखते हैं। जिनमें युवा शोधार्थियों से लेकर सेवा निवृत विशेषज्ञों तक रुचिकर एवं समर्पित लोग आते हैं। भारतीय इतिहास का भारत की दृष्टि से लिखने के उद्देश्य से किए जा रहे शोध कार्य में इतिहास विषय के अतिरिक्त विभिन्न अन्य जुड़े हुए विषय जिनमें संस्कृत, विज्ञान, भूगोल एवं वाणिज्य इत्यादि को भी शामिल किया गया है। शोध संस्थान शोधार्थियों के लिए पुस्तकालय, परिसर में शोधकार्य की सुविधाएं एवं इनके अतिरिक्त संस्थान परिसर में शोधार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा तथा संकाय सदस्यों के लिए अतिथि गृह की सुविधा भी प्रदान करता है। अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित प्रो. अनूप कुमार ने बताया कि दोनों संस्थान कौशल-आधारित प्रशिक्षण, शिक्षा, अनुसंधान, विशेषज्ञ व्याख्यान, शैक्षणिक भ्रमण एव संबंधित अकादमिक गतिविधियों के क्षेत्रों में सहयोग विकसित करने का उद्देश्य रखते हैं। दोनों पक्ष समान शैक्षणिक हितों एवं उद्देश्यों से एकजुट हैं तथा परस्पर सहयोग स्थापित करेंगे।यह आपसी सहयोग दोनों संस्थानों की बौद्धिक क्षमताओं एवं शैक्षणिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग को सुगम बनाएगा। दोनों संस्थान इस एमओयू के अंतर्गत यथासंभव शीघ्रता एवं उत्तरदायित्व के साथ प्रासंगिक गतिविधियों एवं समझौतों को कियान्वित करेंगे।

प्रो अनूप कुमार ने इस समझौता ज्ञापन को एक महत्वपूर्ण उपलब्ध के क्रम में बताया कि इस एमओयू के क्षेत्र में अतिथि व्याख्यान इतिहास, संस्कृति एवं संबंधित विषयों पर आयोजित करने तथा एक-दूसरे के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को आवश्यक शैक्षणिक सहयोग प्रदान करेंगे। अनुसंधान एवं शैक्षणिक सहयोग दोनों पक्ष परस्पर हितों से संबंधित क्षेत्रों में नवीन ज्ञान के सृजन एवं विकास हेतु संयुक्त एवं सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाएँ संचालित करने पर सहमत हैं। दोनों पक्ष ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से छात्र एवं संकाय आदान-प्रदान कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करेंगे। आवश्यकतानुसार संयुक्त पाठ्यक्रमों अथवा सहयोगात्मक शिक्षण कार्यक्रमों का विकास किया जा सकता है। इनसे संबंधित वित्तीय प्रावधान पृथक रूप से निर्धारित किए जाएंगे। एमओयू तब तक प्रभावी एवं वैध रहेगा, जब तक कि दोनों पक्षों की पारस्परिक मे इसे लिखित रूप में समाप्त नहीं किया जाता। इस एमओयू के अंतर्गत प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष स्वतंत्र संस्थान के रूप में कार्य करेंगे।